TNF TODAY
# टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday | tnftoday
www.tnftoday.com / epaper ▮ Trial Edition
ऑटो से भड़की लपटों में जला 35 लाख का सामान .... (पेज-3)
पृष्ठ- 08 ▮ वर्ष-01 अंक-31 ▮ मूल्य ₹7 ▮ गुरूवार ▮ दिनांक- 30.07.2026

## अभिजीत ने सरकार फिर चेताया, बोले- युवा बदल देंगे सरकार

एजेंसी, मुंबई।

नीट पेपर लीक मामले को लेकर हुए आंदोलन के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को अपनी बड़ी जीत बताने वाले कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने बुधवार को सरकार पर बड़ा आरोप लगाया। छत्रपति संभाजीनगर लौटने के बाद उन्होंने कहा कि 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पेलेट गन चलाना गलत था। उन्होंने आगे ये भी कहा कि छात्रों का गुस्सा अभी खत्म नहीं हुआ है और यदि उन्हें लगातार परेशान किया गया तो वे सरकार बदलने तक का आंदोलन कर सकते हैं।

दीपके ने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि एक महीने तक नई दिल्ली में चले आंदोलन के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन खत्म होने के बाद भी कई राज्यों में पुलिस छात्र कार्यकताओं के घर पहुंच रही है और उन्हें गिरफ्तारी की धमकी दी जा रही है। दीपके ने कहा कि सरकार अब छात्रों के साथ अच्छा व्यवहार करे। उन्होंने कहा कि 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान छात्रों का खून सड़कों पर बहा और अब भी उन्हें परेशान किया जा रहा है, जो उचित नहीं है।



### पेलेट गन को लेकर दीपके ने क्या मांग की?

अभिजीत दीपके ने जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पेलेट गन इस्तेमाल करने के आदेश देने वाले अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि चाहे वह कोई भी व्यक्ति क्यों न हो, जिसने पेलेट गन चलाने का आदेश दिया, उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्र आतंकवादी नहीं हैं, बल्कि देश का भविष्य हैं। यदि देश के भविष्य के साथ ऐसा व्यवहार किया जाएगा तो छात्र फिर से पहले से बड़ा आंदोलन शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार यह न माने कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद छात्रों का गुस्सा खत्म हो गया है।

## मुडिया मेला: मुड़िया संतों ने निकाली परंपरागत शोभायात्रा

**470 साल से निभाई जा रही है परंपरा, अद्भुत दृश्य देख रोमांचित हो रहे श्रद्धालु**

**सत्कोसीय परिक्रमा में उमडा जनसैलाब, गिरिराज जी के जयघोष से गूंजी तलहटी**

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

गोवर्धन पर्वत के उपर आसमान में घुमडते बरसते घने काले मेघा और तलहटी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड, तलहटी में द्वापर कालीन अद्भुत दृश्य उपस्थित हो रहा था। मानो इंद्रदेव अपने रौद्र रूप में हों और ब्रजवासी अपने कान्हा के भरोसे गोवर्धन पर्वत के इर्द गिर्द एकत्रित हो गये हों। मुडिया मेला में पूर्णमासी की रात को यह सब श्रद्धालुओं को रोमांचित कर रहा था। सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गुंजायमान था। सब की टेर कान्हा से लगी थी। सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग में जनसैलाब उमड पडा। गिरिराज तलहटी जय घोष से गुजायमान हो उठी। गुरू पूर्णिमा के दिन में गिरिराज तलहटी गोवर्धन में मुड़िया शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिसमें मुड़िया संत ढोल मृदंग की थापों पर नाचते हुए इस प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए नजर आए।



यात्रा ने चकलेश्वर से शुरू होकर संपूर्ण कस्बे में भ्रमण किया। मुड़िया शोभायात्रा गिरिराज तलहटी गोवर्धन में लगने वाले मुड़िया मेला का रविवार को मुड़िया शोभायात्रा के साथ समाप्त हो गया।यह परम्परा लगभग 470 साल पहले शुरू हुई। जब माधव गौडीय सम्प्रदाय के आचार्य श्रीपाद सनातन गोस्वामी श्री चौतन्य महाप्रभु के आदेश पर ब्रजभूमि पधारे तो यहां वृन्दावन के बाद गोवर्धन ही उनकी भजन स्थली बनी। सनातन गोस्वामी अपने बालों का मुंडन कर भजन साधना में लीन रहते थे। इसलिए सभी उन्हें मुडिया बाबा के नाम से जानते थे। गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करना उनके नित्यकर्म में शामिल था। इसीलिए जब उन्होंने गुरू पूर्णिमा के दिन अपना शरीर छोडा तो गुरु की आज्ञा अनुसार उनके अनुयायियों ने अपने बालों का मुंडन कर मुड़िया शोभायात्रा निकाली। गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा की थी। तब से लेकर आज तक यह परंपरा चली आ रही है।

### सात कोस में सिमट गया मिनी भारत

सात कोस की परिक्रमा में मानो आस्था, श्रद्धा और विश्वास से ओतप्रोत मिनी भारत सिमट गया हो। अलग अलग पहनावे में अलग अलग बोली बोल रहे लोग लेकिन सब का भाव एक ही था। उल्लास, उत्साह और उमंग के सागर में हुड़दंग का नामोनिशान नहीं था।

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला: कोयला आवंटन केस में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को क्लीन चिट, ट्रायल कोर्ट का आदेश निरस्त

एजेंसी, नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को 2005 के तालाबीरा-II कोयला ब्लॉक आवंटन मामले में बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ चल रही पूरी आपराधिक कार्यवाही समाप्त कर दी है। शीर्ष अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए विशेष अदालत (स्पेशल कोर्ट) के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें डॉ. सिंह समेत अन्य आरोपियों को समन जारी किया गया था। इसके साथ ही अदालत ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए स्पष्ट कर दिया कि मामले को आगे बढ़ाने का कोई कानूनी आधार नहीं बचता।

ट्रायल कोर्ट के आदेश को बताया असंगत मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सीबीआई की ओर से दाखिल दोनों क्लोजर रिपोर्ट कानून के अनुरूप थीं। अदालत ने माना कि जांच एजेंसी ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उचित निष्कर्ष निकाला था और ट्रायल कोर्ट के पास इन रिपोर्टों को खारिज करने के लिए पर्याप्त और ठोस कारण नहीं थे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि किसी भी अदालत को जांच एजेंसी की रिपोर्ट को खारिज करने के लिए मजबूत कानूनी आधार प्रस्तुत करना आवश्यक होता है। इस मामले में ऐसा कोई आधार सामने नहीं आया, इसलिए विशेष अदालत द्वारा जारी समन आदेश टिक नहीं सकता।

### क्या है तालाबीरा-II कोयला ब्लॉक मामला?

उस समय केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार थी और तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के पास कोयला मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार भी था। आरोप लगाया गया था कि कोयला ब्लॉक आवंटन की प्रक्रिया में अनियमितताएं हुईं और कुछ निजी कंपनियों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। इस मामले में उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला, पूर्व कोयला सचिव पी.सी. पारख सहित अन्य लोगों के नाम भी जांच के दायरे में आए थे।

## पेपर लीक रोकने का सख्त कानून पास

**अब होगी 7 साल की सजा, 10 करोड़ तक लगेगा जुर्माना**

एजेंसी, नई दिल्ली।

लोकसभा ने बुधवार को विपक्ष के हंगामे के बीच लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। सदन में विधेयक पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के जंतर-मंतर पर छात्रों पर कथित गोलीबारी को लेकर दिए गए बयान और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर लगाए गए आरोपों को लेकर तीखी नोकझोंक हुई। इसके बावजूद सरकार ने विधेयक को सदन से पारित करा लिया। सरकार ने कहा कि यह संशोधन सार्वजनिक परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी और भरोसेमंद बनाने की दिशा में एक और मजबूत कदम है।



विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार नीट पेपर लीक मामले में तेजी से कार्रवाई कर चुकी है और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संशोधन सरकार की उस सोच को दिखाता है, जिसमें पिछले अनुभवों से सीख लेकर कानून को और मजबूत बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में एंटी पेपर लीक कानून लागू होने के बाद अब तक 52 एफआईआर दर्ज की गई हैं। साथ ही उन्होंने दावा किया कि पेपर लीक से जुड़े मामलों के कारण होने वाली आत्महत्याओं में भी कमी आई है, जिसे उन्होंने कानून के सकारात्मक प्रभाव का संकेत बताया। विधेयक पारित होने के बाद लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

### राहुल के बयान पर सदन में हंगामा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सत्ता पक्ष के सासंदों को शांत कराया और राहुल गांधी को भाषण पूरा करने के लिए आग्रह किया। जिसके बाद फिर राहुल गांधी ने भाषण को दोबारा शुरू किया और कहा कि बल प्रयोग की मंजूरी सिर्फ गृह मंत्री या प्रधानमंत्री दे सकते हैं। जिससे फिर हंगामा शुरू हो गया। सत्ता पक्ष की ओर से राहुल गांधी से माफी की मांग की गई।

### विपक्ष अहम बिल पर भी राजनीति कर रहा है- जितेंद्र सिंह

लोकसभा में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि जब इतने अहम बिल पर चर्चा हो रही हो, तो सुझाव देने के बजाय इस पर राजनीति की जा रही है।

### राहुल गांधी ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर क्या कहा?

राहुल गांधी ने कहा कि एक 18 वर्षीय छात्रा ने उन्हें समझाया कि छात्र वह होता है, जिसका दिमाग और दिल खुला होता है और जो मानता है कि सीखने की प्रक्रिया कभी खत्म नहीं होती। उन्होंने कहा कि छात्र ज्ञान, विनम्रता और सच्चाई के रास्ते पर चलता है। राहुल गांधी के अनुसार, छात्रों ने उनसे कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा नहीं है, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था का सवाल है। उन्होंने कहा कि शिक्षा बहुत महंगी हो चुकी है और एक परीक्षा पर इतना खर्च हो जाता है, जो लगभग शिक्षा बजट के बराबर पहुंच जाता है। उन्होंने कहा कि छात्रों का संघर्ष केवल परीक्षा नहीं, बल्कि पूरी शिक्षा प्रणाली में बदलाव की मांग है।

## तालाब में डूबने से दो बहनों की मौत

- डूबते भाई को ग्रामीणों ने बमुश्किल बचाया
- पशु चराने गए थे तीनों, फिसलने से गिरी एक बहन
- उसे बचाने में दूसरी, दोनों को बचाने में भाई गिरा

टीएनएफ टुडे, आगरा।



थाना जगनेर क्षेत्र के गांव बरिगवां खुर्द में बुधवार को तालाब में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। जबकि उनके भाई को ग्रामीणों ने समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, गांव बरिगवां खुर्द निवासी मुरारी के तीन बच्चे कपिल, पूनम और ट्विंकल बुधवार सुबह करीब सात बजे घर से लगभग दो सौ मीटर दूर स्थित तालाब के पास पशुओं को चराने गए थे। इसी दौरान पूनम का पैर तालाब के किनारे फिसल गया और वह गहरे पानी व दलदल में चली गई। बहन को बचाने के प्रयास में ट्विंकल भी तालाब में उतर गई, लेकिन वह भी दलदल में फंसकर डूब गई। दोनों बहनों को डूबता देख भाई कपिल ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। लेकिन वह भी दलदल में फंस गया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कपिल को बमुश्किल सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद काफी प्रयास के बाद ग्रामीणों ने दोनों बहनों 12 वर्षीय पूनम और 8 वर्षीय टिंकल के शव तालाब से बाहर निकाले। घटना की जानकारी होते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। दोनों बच्चियों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर थाना जगनेर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे से गांव भर में गम का माहौल है।

## यूपी: गरीबों का हक मार रहे प्रदेश के 2.35 लाख अपात्रों के राशनकार्ड होंगे निरस्त

**सभी जिलों में होगा सत्यापन**

एजेंसी, लखनऊ।

गरीबों के हक का राशन गटक रहे प्रदेश के 2.35 लाख परिवारों के राशनकार्ड निरस्त किए जाएंगे। शासन ने इस संबंध में सभी जिला पूर्ति अधिकारियों को आदेश जारी कर चिह्नित इन सभी अपात्रों के राशनकार्ड एक सप्ताह में निरस्त करने को कहा है। जिसके बाद राजधानी में भी अपात्रों के राशनकार्ड निरस्त करने की तैयारी तेज कर दी गई है।

अपर आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग सत्यदेव की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि भारत सरकार के इंटर मिनिस्टीरियल डेटा फॉर राइटफुल टारगेटिंग (18 केपीआई) के आधार पर 56.94 लाख संदिग्ध लाभार्थियों की पहचान की गई थी। इनमें से 56.30 लाख का सत्यापन हो चुका है, जबकि 63,885 लोगों का सत्यापन अभी बाकी है। इसके अलावा 26,021 मामलों में अंतिम मंजूरी (फ्लैगिंग और लॉक) दी जानी शेष है।




### गरीबों का मिलेगा लाभ

डीएसओ विचय प्रताप सिंह ने बताया कि इस कार्रवाई से सरकारी राशन पर गलत तरीके से कब्जा किए बैठे अपात्र लोगों के नाम हटेंगे। इससे बचा हुआ खाद्यान्न उन गरीब और पात्र परिवारों को मिल सकेगा, जो वास्तव में इसके हकदार हैं। साथ ही फर्जी राशन कार्डों पर लगाम लगेगी, सरकारी धन की बचत होगी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनेगी।

जांच के दौरान 37.72 लाख लाभार्थी अपात्र पाए गए। इनमें से 35.37 लाख राशन कार्ड पहले ही निरस्त किए जा चुके हैं, जबकि 2.35 लाख अपात्र लाभार्थियों के कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई अभी बाकी है। अपर आयुक्त ने सभी जिला पूर्ति अधिकारियों को निर्देश दिया है कि एक सप्ताह के भीतर यह पूरी प्रक्रिया पूरी कर रिपोर्ट भेजी जाए। लखनऊ के जिला पूर्ति अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि राजधानी में भी अभियान लगातार चल रहा है। पिछले छह महीनों में 20,871 अपात्र लाभार्थियों के नाम राशन कार्ड से हटाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि अभी भी राजधानी में 500 से अधिक नए संदिग्ध अपात्र भी जांच के दायरे में आ चुके हैं। जल्द ही जांच प्रक्रिया पूरी कर उनके भी राशनकार्ड निरस्त कर दिए जाएंगे।

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

### सोनम ने किया आत्मसमर्पण, सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की थी जमानत

**नई दिल्ली।** राजा रघुवंशी हत्याकांड की आरोपी सोनम रघुवंशी ने मंगलवार को मेघालय की एक अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। वर्ष 2025 में हनीमून के दौरान सोनम ने पति राजा रघुवंशी की हत्या कर दी थी। हाल ही में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए मंगलवार को मेघालय की एक ट्रायल कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। पूर्वी खासी हिल्स जिले के पुलिस अधीक्षक विवेक सिएम ने बताया कि मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी सोनम रघुवंशी को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 23 जुलाई को सोनम को दी गई जमानत रद्द करते हुए उसे तीन सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था।
सोनम को पिछले वर्ष जून में अपने कारोबारी पति राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। राजा और सोनम 23 मई 2025 को मेघालय के सोहरा क्षेत्र में हनीमून मनाने गए थे, जहां दोनों लापता हो गए थे। बाद में 2 जून 2025 को राजा का शव एक गहरी खाई से बरामद हुआ था। पुलिस का आरोप है कि सोनम ने अपने कथित प्रेमी राज कुशवाहा के साथ मिलकर आर्थिक लाभ के उद्देश्य से हनीमून के दौरान राजा की हत्या की साजिश रची और इसके लिए सुपारी देकर हत्यारों को लगाया।

## संसद में गूंजा पुलिस कार्रवाई का मुद्दा

**राज्यसभा में खरगे और नड्डा के बीच तीखी नोकझोंक**



एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई को लेकर पहले से गर्म राज्यसभा में बुधवार को सियासी पारा तब और चढ़ गया, जब शून्यकाल में सीपीआई ( एम) दफ्तर में की गई पुलिस कार्रवाई का मुद्दा उठाया गया।

राज्यसभा में यह वाकया तब हुआ, जब शून्यकाल में सीपीआई (एम) सांसद जॉन ब्रिटास ने मंगलवार को पार्टी के दफ्तर पर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े किए और पूछा पुलिस कैसे किसी पार्टी के दफ्तर में जाकर किसी को गिरफ्तार कर सकती है। उन्होंने इस मामले पर गृह मंत्री से जवाब देने की मांग की।

### देश में लोकतंत्र सुरक्षित नहीं है: मल्लिकार्जुन खरगे

इस दौरान उनकी मांग का कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने भी समर्थन किया और कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी के दफ्तर में घुसकर सीबीआई लोगों को उठा रही है। देश में लोकतंत्र सुरक्षित नहीं है। किसी को गिरफ्तार करने के लिए राष्ट्रीय पार्टी के दफ्तर में एजेंसियां प्रवेश कर रही हैं। ऐसे लोगों को सजा मिलनी चाहिए।

### मुझे क्लासरूम से इमरजेंसी के दौरान गिरफ्तार किया गया: नड्डा

खरगे के आरोपों पर नड्डा ने कहा कि पुलिस ने केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई की थी। मैंने तो कांग्रेस के दौर में इससे बदतर दिन देखे हैं। छात्र जीवन के दौरान मैं कई बार गिरफ्तार किया जा चुका हैं। मुझे क्लासरुम से इमरजेंसी के दौरान गिरफ्तार किया गया था। विपक्ष इस मुद्दे को बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रहा है।

### राहुल बोले- छात्रों पर दिल्ली में पैलेट गन चली

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने दिल्ली में प्रेसवार्ता की कहा, आज मुझे लोकसभा में बोलने नहीं दिया गया। रिजिजू और राजनाथ सिंह जी को बोलने दिया गया। इसकी वजह है कि मैंने अमित शाह के बारे में कहा कि वह छात्रों पर हुई बर्बरता के लिए जिम्मेदार हैं। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन में मुझसे कहा गया कि मैं माफी मांगूगा, इसके बाद मुझे बोलने दिया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष के रूप में मेरा कर्तव्य है कि देश के मुद्दे उठाऊं। छात्रों पर पैलेट गन का चलाई गईं। कई छात्रों की आंख की रोशनी चली गईं। मैंने मेडिकल सर्टिफिकेट में यह देखा। छात्रों पर कील लगी लाठियां चलाई गईं। इससे पहले शाम छात्रों के संसद मार्च में गोली चलने के राहुल के बयान पर भाजपा ने शाम 4:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि राहुल ने लोकसभा में झूठ बोला है। पात्रा ने बताया कि संसद मार्च में छात्रों पर गोली चलाई गई। इसका भाजपा खंडन करती है। राहुल ने कहा कि गोली चलाने का आदेश गृहमंत्री अमित शाह ने दिया। ये भी झूठ है, क्योंकि गोली चली नहीं तो आदेश कहां से देंगे।

### 'पैलेट गन की परमिशन किसने दी और क्यों दी'

राहुल ने कहा, 25 जुलाई को मैंने शाह को लेटर लिखकर पूछा कि आपने पैलेट गन का आदेश दिया या नहीं। सादे कपड़ों में छात्रों को मारने वाले पुलिस वाले हैं या कोई और हैं। लेकिन उनका कोई जवाब नहीं आया। छात्रों को न्याय तो मिलेगा। हमारी मांग है कि अमित शाह को हटाया जाए। पैलेट गन का इस्तेमाल करने की परमिशन किसने दी और क्यों दी।

### राहुल ने कहा- मेरा कर्तव्य है कि देश के मुद्दे उठाऊं

राहुल ने कहा, सदन में मुझसे कहा गया कि मैं माफी मांगूगा, इसके बाद मुझे बोलने दिया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष के रूप में मेरा कर्तव्य है कि देश के मुद्दे उठाऊं। छात्रों पर पैलेट गन का चलाई गईं। कई छात्रों की आंख की रोशनी चली गईं। मैंने मेडिकल सर्टिफिकेट में यह देखा। छात्रों पर कील लगी लाठियां चलाई गईं। राहुल गांधी ने प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया। उन्होंने मुझे बताया कि मैंने अमित शाह पर कुछ बोला, मैनें कहा कि जो भी छात्रों के साथ बर्बरता की गई, उसके लिए अमित शाह जिम्मेदार हैं।

TNF TODAY | टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday | tnftoday
www.tnftoday.com / epaper
आगरा,गुरूवार
30 जुलाई 2026


# 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम आयोजित

**टीएनएफ टुडे, आगरा।**



मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में 29 जुलाई को दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं युवा स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नशा मुक्त भारत के संकल्प को सशक्त बनाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का युवा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा, खेल, कौशल और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देगा। प्रत्येक युवा को स्वयं नशा मुक्त रहने के साथ-साथ दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार सहगल ने की। उन्होंने कहा कि भारत का युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति है। यदि युवा अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाकर समाज सेवा, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी करेगा तो विकसित भारत का लक्ष्य शीघ्र ही प्राप्त होगा। इस अवसर पर दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के कुलसचिव डॉ. संजीव स्वामी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है। नशा मुक्त युवा ही स्वस्थ एवं सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. सनिल कुमार ने कहा कि मेरा युवा भारत युवाओं को राष्ट्र निर्माण, स्वयंसेवा, नेतृत्व विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने वाला एक सशक्त मंच है। कार्यक्रम में सिंगिंग, ग्रुप डांस, सोलो डांस, स्लैम पोएट्री, नुक्कड़ नाटक, रील एवं शॉर्ट फिल्म, पेंटिंग तथा स्लोगन लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

पेंटिंग प्रतियोगिता में हैहांगले नेओमे, देवेंद्र प्रताप सिंह एवं आयुषी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में कनक चौहान, आदर्श पोरवाल एवं पासवी सिंह विजेता रहे। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में यशस्वी और टीम प्रथम नशा मुक्त वॉरियर्स टीम ने द्वितिया स्थान प्राप्त किया, जिसमें अंकित, अर्शिया हाशमी, नरेंद्र महौर, आकाश, रोहित राठौर एवं मुस्कान ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति का सशक्त संदेश दिया। म्यूजिक प्रतियोगिता में आयुषी तथा रील प्रतियोगिता में अंशिका वार्ष्णेय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त किया।

# लघुशंका करने से रोका तो सिर फोड़ा

**टीएनएफ टुडे, खंदौली (आगरा)।**



थाना खंदौली क्षेत्र के ग्राम रामनगर में घर के बाहर लघुशंका करने से रोकने पर एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया। आरोप है कि दबंग युवकों ने पहले मारपीट की और फिर तमंचे की बट से सिर पर वार कर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना मिलते ही यूपी-112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पीड़ित पक्ष के अनुसार, रामनगर निवासी काशु शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार देर रात उसका मित्र प्रशांत उपाध्याय अपनी मां के साथ घर के बाहर बैठा हुआ था। इसी दौरान नहर्रा गांव के तीन युवक उसके घर के सामने खड़े होकर लघुशंका करने लगे। प्रशांत ने इसका विरोध किया तो युवकों ने अपने अन्य साथियों को भी मौके पर बुला लिया और प्रशांत पर हमला बोल दिया। मारपीट के दौरान एक आरोपी ने तमंचे की बट से प्रशांत के सिर पर वार कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची यूपी-112 पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। थाना खंदौली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।



## गुरु पूर्णिमा पर मंदिरों में उमड़ा सैलाब

**खेरागढ़।** बुधवार को गुरु पूर्णिमा पर जगह-जगह मंदिरों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तगण गुरुओं से आशीर्वाद लेने पहुंचे। जहां पर लोगों के द्वारा भिन्न भिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कस्बा के दीनदयाल धाम मंदिर, बनखंडी आश्रम, नारायणी माता मंदिर,पुल वाले हनुमान मंदिर, सिद्ध गुफा मंदिर डूंगर वाला, पटिया बाबा का मंदिर, देवी मंदिर सैयां रोड सहित सैकड़ो मंदिरों पर भंडारे आयोजित किए गए। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई। इस दौरान सतीश गोयल, दिनेश गोयल, राजकुमार तोमर, ओमवीर मुखिया जी, महंत प्रकाशानंद उदासीन, मनोज तोमर एड, महंत फक्कड़दास, लक्ष्मी नारायण मास्टर साहब, बिज्जों तोमर, अश्वनी शर्मा लाला अस्थाना सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अमिता पचौरी अध्यक्ष मनोनीत



**फतेहाबाद।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा ने संगठनात्मक विस्तार करते हुए अमिता पचौरी पत्नी रामदेव शर्मा निवासी गुबरौठ को फतेहाबाद विधानसभा महिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व ने संगठन के प्रतिनिष्ठा, योग्यता और समर्पण को देखते हुए अमिता को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पत्र राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के जिलाध्यक्ष आगरा पंडित कशिश उपाध्याय द्वारा जारी किया गया। अमिता पचौरी सवर्ण समाज का पार्टी विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय योगदान देंगी। अमिता ने कहा कि संगठन की गरिमा, अनुशासन और संविधान का पालन करते हुए महिला शक्ति को एकजुट किया जाएगा और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। अमिता समाजसेवी स्वर्गीय देवदत्त शर्मा की पुत्रवधु हैं। उनके महिला विधानसभा अध्यक्ष बनने पर पार्टी के पदाधिकारियों व समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## 8 दिन बाद चंबल में फिर चला स्टीमर

# यूपी-एमपी के 200 गांवों के लोगों को मिली राहत

**टीएनएफ टुडे, पिनाहट (आगरा)।**



करीब 8 दिन से बंद पड़े चंबल नदी के पिनाहट घाट पर बुधवार को स्टीमर का संचालन फिर से शुरू हो गया। स्टीमर शुरू होते ही उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के करीब 200 गांवों के लाखों लोगों ने राहत की सांस ली।

बरसात में पैंटून पुल हटने के बाद लोक निर्माण विभाग हर साल चंबल नदी पर स्टीमर संचालन कराता है। करीब 8 दिन पहले मध्य प्रदेश वन विभाग के निर्देश पर महुआ पुलिस ने स्टीमर बंद करा दिया था। इसके बाद दोनों राज्यों के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्कूल, अस्पताल और बाजार जाने वाले लोगों को कई किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा था। बुधवार सुबह लोक निर्माण विभाग ने दोबारा स्टीमर संचालन शुरू कराया। स्टीमर चलते ही यात्रियों के साथ क्षेत्रीय व्यापारियों ने भी राहत महसूस की। स्टीमर बंद रहने से व्यापार प्रभावित हो रहा था। इसी को लेकर व्यापारियों ने धरना-प्रदर्शन की चेतावनी भी दी थी। संचालन बहाल होने पर घाट पर पहुंचे लोगों ने खुशी जताई और इसे क्षेत्र के लिए बड़ी राहत बताया।

# सावन शुरू, अब न खोलें अंडा और मांस की दुकानें

**टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।**



श्रावण मास को लेकर एसीपी इमरान अहमद ने मंदिरों के आसपास अंडा व मांस की दुकानें न खोलने के निर्देश दिए गए हैं। एसीपी फतेहाबाद इमरान अहमद ने अधीनस्थों की बैठक लेते हुए बताया कि श्रावण मास शुरू हो रहा है। जिसको लेकर कस्बा फतेहाबाद तथा आसपास के क्षेत्र में जो भी शिव मंदिर हैं, उनके आसपास कोई भी अंडा व मांस की दुकान संचालित नहीं होगी। जहां संचालित हो रही है, वह बंद कराई जाएंगी।

वहीं क्षेत्र में डीजे वालों की बैठक कराकर डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। जिससे त्योहार शांतिपूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सके। वहीं शिव मंदिरों पर पुलिस टीम समय-समय पर निरीक्षण करती रहेगी। जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो। कावड़ यात्रा को लेकर भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। एसीपी के नेतृत्व में शाम को कस्बे में पैदल गस्त किया गया। शिव मंदिरों का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सत्यभान, सुमित कुमार, यासिर बेग, पवन कुमार, शिवानी आर्या, शिवानी मलिक आदि प्रमुख थे।

## खंभे में करंट से किसान की मौत



**खेरागढ़।** थाना क्षेत्र के गांव पटपड़गंज (नगला दूल्हे खां) में दोपहर बिजली के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक गब्बर सिंह (32) पुत्र लखन सिंह खेती के साथ मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके चार बच्चे हैं। ग्राम प्रधान उदयभान सिंह ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे गब्बर सिंह बाजरे के खेत को आवारा पशुओं से बचाने के लिए बाड़ लगाने जा रहा था। रास्ते में खेत के पास लगे विद्युत खंभे को छूते ही उसमें दौड़ रहे तेज करंट की चपेट में आ गया। आसपास मौजूद लोग तुरंत उसे बचाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेरागढ़ ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है।

## युवक को तमंचा सहित पकड़ा

**फतेहाबाद।** थाना फतेहाबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से एक तमंचा 315 बोर बरामद हुआ है। एपीसी फतेहाबाद इमरान अहमद ने बताया कि बुधवार को प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। तभी सूचना मिली कि कृपालपुरा कट अंडरपास के पास एक युवक अवैध तमंचा लेकर खड़ा है। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान थाना फतेहाबाद क्षेत्र के ग्राम पक्कापुरा गढ़ी साबराय आकाश कुशवाह पुत्र गुड्डू कुशवाह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेजा गया है।

# गुरु पूर्णिमा पर दाऊजी मंदिर में उमड़ी भीड़

## सुबह से देररात तक चला दर्शन-पूजन, पुलिस रही तैनात



**टीएनएफ टुडे, पिनाहट (आगरा)।**

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को कस्बा स्थित प्राचीन दाऊजी मंदिर में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। तड़के से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लग गया, जो देर शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान दाऊजी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने मंदिर की परिक्रमा लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर जयकारों और भजनों से गूंजता रहा। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे दर्शन के लिए पहुंचे।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मंदिर परिसर और आसपास पुलिसकर्मी तैनात किए गए। भीड़ को लाइन में लगाकर दर्शन कराए गए और सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखी गई। शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित व्यवस्था के बीच श्रद्धालुओं ने गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया।

## चातुर्मास मंगल कलश स्थापना उत्सव

# महाराजा अग्रसेन भवन, लोहामंडी में हुआ आयोजन

**टीएनएफ टुडे, आगरा।**



लगभग 20 वर्षों बाद जयपुर हाउस में वर्षा योग का ऐतिहासिक शुभारंभ हुआ। मरसलगंज गौरव, अंकलीकर परम्पराचार्य आचार्य श्री 108 सौभाग्यसागर महाराज ससंघ एवं स्थविर संत सुरत्न सागराचार्य महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में बुधवार को महाराजा अग्रसेन भवन, लोहामंडी (जयपुर हाउस) में चातुर्मास मंगल कलश स्थापना एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। दो दशक बाद जयपुर हाउस में पुनः वषायोग प्रारंभ होने से जैन समाज में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली। समारोह में आगरा सहित दिल्ली, फरीदाबाद, मैनपुरी, इटावा तथा देश के विभिन्न नगरों से हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुपम वातावरण बना रहा। समारोह का शुभारंभ पंडित राकेश जैन शास्त्री के निर्देशन में रविन्द्र जैन, सीमा जैन एवं नमन जैन परिवार द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। इसके उपरांत परम पूज्य आचार्यश्री सौभाग्यसागर जी महाराज ससंघ श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, टीचर्स कॉलोनी, जयपुर हाउस से भव्य शोभायात्रा के साथ महाराजा अग्रसेन भवन पहुँचे जहाँ श्रद्धालुओं ने जयघोष, पुष्पवर्षा और मंगलगान के बीच उनका भव्य स्वागत किया। आगरा दिगम्बर जैन परिषद, श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति एवं तपस्वी सम्राट वषायोग समिति के पदाधिकारियों ने समाधि सम्राट आचार्य श्री सन्मति सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया।

विभिन्न जैन संस्थाओं एवं समाज की प्रतिनिधि मंडलियों ने आचार्यश्री ससंघ को श्रीफल अर्पित कर मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला मंव सियोना जैन एवं दिव्याना जैन ने भक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। क्षमा मैत्री समूह, स्वास्तिक महिला मंडल एवं शांतिनाथ महिला मंडल की महिलाओं ने मधुर भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर संपूर्ण वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। समिति द्वारा समारोह में पधारे सभी विशिष्ट अतिथियों का साफा, दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। नीरज जैन जिनवाणी और मयंक जैन डॉक्टर सोप और विमल जैन टाटा परिवारों ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ चातुर्मास मंगल कलश प्राप्त किए। इस दिव्य एवं अलौकिक दृश्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं ने अष्टद्रव्यों की सुसज्जित थालों के साथ संगीतमय वातावरण में आचार्य श्री सन्मति सागर जी महाराज एवं आचार्यश्री सौभाग्य सागर जी महाराज का गुरु पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन दीपक जैन मसाले वाले ने किया। श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति एवं तपस्वी सम्राट वषायोग समिति, जयपुर हाउस के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश जैन, मंत्री दीपक जैन, विनोद रांवका, सुबोध जैन, नीरज जैन आदि बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर महिला घायल

**पिनाहट (आगरा)।** थाना बसई अरेला क्षेत्र के मानिकपुरा गांव के पास मंगलवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी पिनाहट पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे आगरा के हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार डोकी थाना क्षेत्र निवासी कमला देवी पत्नी मानसिंह अपने भतीजे के साथ बाइक से रिश्तेदारी से घर लौट रही थीं। मानिकपुरा गांव के पास पहुंचते ही पीछे से आए किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में कमला देवी के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

# तीन सड़क हादसों में नौ लोग घायल

**टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।**

क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर बुधवार को हुए तीन अलग-अलग सड़क हादसों में महिलाओं और बच्चों समेत नौ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) खेरागढ़ लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद कुछ को निजी अस्पताल भेजा गया।

पहला हादसा दोपहर करीब चार बजे सैंया रोड स्थित भाकर मोड़ पर हुआ। खेरागढ़ से सैंया की ओर जा रहा ऑटो ओवरटेक कर रही बाइक को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में सेवापुर (सैंपऊ, धौलपुर) निवासी शारदा देवी अपने ससुर भगवान सिंह (60) और 12 वर्षीय ननद काजल के साथ मायके छत्तापुरा (इरादतनगर) जा रही थीं। हादसे में भगवान सिंह और काजल घायल हो गए। वहीं ऑटो में सवार ऊषा देवी (40) पत्नी रोशनलाल निवासी बांदी कुई, शीला देवी (50) पत्नी जय सिंह तथा अंजू देवी (50) पत्नी मानसिंह निवासी भरतपुर भी चोटिल हो गईं। ऊषा देवी के पुत्र ने बताया कि वे आगरा के टपरा स्थित सत्संग में शामिल होने जा रहे थे।

दूसरा हादसा सुबह करीब दस बजे महुआखेड़ा चौराहे के पास हुआ। शाहपुर नदीम निवासी सौरव (29) बाइक से खेरागढ़ आ रहा था। इसी दौरान एक ऑटो ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सौरव और ऑटो में सवार माखनलाल (60) निवासी अयेला घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद सौरव को बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया।

तीसरा हादसा दोपहर करीब एक बजे कागारौल रोड स्थित बिजलीघर के पास हुआ। उदैना (जगनेर) निवासी रिंकू (24) पत्नी गीता, बहन सोनी और बच्चों लव व कुश के साथ चीत मंदिर से दर्शन कर लौट रहा था। तभी अचानक सड़क पर नीलगाय आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में गीता और चार वर्षीय लव घायल हो गए। दोनों का सीएचसी में प्राथमिक उपचार कराया गया।

## राज्य महिला आयोग की जनसुनवाई 4 अगस्त को

**आगरा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद में प्रस्तावित महिला जनसुनवाई, समीक्षा बैठक एवं निरीक्षण कार्यक्रम की तिथि में प्रशासनिक कारणों से परिवर्तन किया गया है। आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान का जनपद आगरा में प्रस्तावित कार्यक्रम पूर्व निर्धारित तिथि 1 अगस्त के स्थान पर अब 4 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। यह परिवर्तन 1 अगस्त को जनपद में तहसील स्तर पर आयोजित होने वाले ₹संपूर्ण समाधान दिवस₹ कार्यक्रम के दृष्टिगत किया गया है।

## ई-ट्राईसाइकिल के लिए दिव्यांग छात्राओं का विवरण दें

**आगरा।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जनपद के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों,विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, मेडिकल, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संस्थानों, इंटर कॉलेजों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्कूल जाने वाली एवं शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त कर रही पात्र दिव्यांग छात्राओं का विवरण तत्काल उपलब्ध कराया जाए। ताकि उन्हें दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित ई-ट्राईसाइकिल योजना का लाभ दिलाया जा सके। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन कराए जाएंगे। अतः सभी संबंधित संस्थान एवं अधिकारी 16 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु की स्कूल जाने वाली एवं शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त कर रही दिव्यांग छात्राओं का विवरण निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन हेतु आवश्यक अभिलेख यथा-मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी दिव्यांग प्रमाण-पत्र (यूडीआईडी कार्ड)। आधार कार्ड, तहसील द्वारा निर्गत आय, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र, दो पासपोर्ट आकार के नवीनतम फोटो, जिनमें दिव्यांगता स्पष्ट प्रदर्शित हो, विद्यालय/संस्थान में अध्ययनरत अथवा शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त करने संबंधी प्रमाण-पत्र।

# चेतना स्तंभ पर सजा कीर्तन दरबार



**टीएनएफ टुडे, आगरा।**

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर फिरोजाबाद रोड, छलेसर स्थित चेतना स्तंभ पर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की कुटिया में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत गुरु रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर गुरु महिमा के प्रतीक स्वरूप 650 दीप प्रज्वलित किए गए। जिनकी दिव्य आभा से पूरा परिसर आध्यात्मिक प्रकाश से आलोकित हो उठा। पावन तीर्थ श्री सचखंड हेमकुंड साहिब के हजूरी रागी वीर हरप्रीत सिंह जत्थे ने गुरु महिमा से ओतप्रोत गुरबाणी कीर्तन एवं कथा का रसपूर्ण गायन कर संगत को भाव-विभोर कर दिया। श्रद्धालु गुरु महिमा का गुणगान सुन भक्ति रस में सराबोर हो गए और पूरे परिसर में आध्यात्मिक वातावरण छा गया। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में अरदास कर सुख-समृद्धि की कामना की तथा गुरु का अटूट लंगर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में पधारे सभी अतिथियों का रविकांत ने पटका पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया।

भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, विधायक डॉ धर्मपाल सिंह, समाजसेवी श्याम भोजवानी, रोहित कत्याल, रामबाबू हरित, इंद्रजीत सिंह आर्य, देवकीनंदन सोन, बिजेंद्र सिंह, दिनेश भारती, मानवीर चौहान, राजू परमार, अनिल सारस्वत आदि मौजूद रहे।

## टीनशेड से गिरकर पूर्व प्रधान घायल

**फतेहाबाद।** थाना डौकी क्षेत्र के दुजीपुरा गांव में बुधवार दोपहर पूर्व प्रधान टीन शेड से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें उपचार के लिए फतेहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज किया। पूर्व प्रधान भूरी सिंह पुत्र निनुआ राम, निवासी दुजीपुरा ने बताया कि बुधवार दोपहर अपने घर पर कुछ सामान लेने के लिए टीनशेड पर चढ़े थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया। संतुलन बिगड़ने से टीन शेड टूट गया और वह नीचे जमीन पर गिर पड़े। गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिजन मौके पर पहुंचे और घायल पूर्व प्रधान को तुरंत फतेहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

## अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश, तीन शातिर गिरफ्तार

**खेरागढ़।** गांव-गांव घूमकर महिलाओं और बच्चों को जेवर साफ कर चमकाने का झांसा देकर गहने चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खेरागढ़ पुलिस ने पदार्फाश किया है। एसओजी, सर्विलांस और थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि गिरोह का एक सदस्य अभी फरार है। डीसीपी पश्चिमी आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि 22 जुलाई को थाना खेरागढ़ क्षेत्र के गांव पहाड़ी में जेवर साफ करने के बहाने चोरी की वारदात हुई थी। पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीमों को खुलासे में लगाया गया था। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर सैंया रोड स्थित लालपुर चौराहे से पियूष और करैशिया शाह निवासी नाकोटी, जिला बेगूसराय (वर्तमान पता रोहता, आगरा) तथा विक्की निवासी मुस्कीपुर कोठी, थाना गोगरी, जिला खगड़िया (बिहार) को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरोह का चौथा सदस्य दीपक निवासी मोकामा बाजार, पटना (बिहार) फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो जोड़ी पायल, एक चेन, दो अंगूठियां, बिना नंबर प्लेट की बाइक, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, गैस सिलेंडर, केमिकल और जेवर साफ करने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गिरोह पहले गांवों में रेकी करता था। इसके बाद महिलाओं और बच्चों को जेवर चमकाने व साफ करने का झांसा देकर उनका विश्वास जीतता और मौका मिलते ही गहने लेकर फरार हो जाता था। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

TNF TODAY
टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper



# सीएनजी ऑटो से भड़की लपटों में जला 35 लाख का सामान

टीएनएफ टुडे, आगरा।



आगरा। एत्माददौला थाना क्षेत्र के नवलगंज स्थित एक ट्रांसपोर्ट गोदाम में बुधवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गोदाम के भीतर खड़े एक सीएनजी ऑटो में अचानक आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते लाखों रुपये का सामान धू-धू कर जलने लगा। घटना सुबह करीब 7 से 7:30 बजे के बीच की बताई जा रही है। गोदाम बीएसए कंपनी के पीछे स्थित है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अज्ञात कारणों से सबसे पहले गोदाम में खड़े सीएनजी ऑटो में आग लगी। ऑटो में लगी आग ने तेजी से आसपास रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे पूरे गोदाम में आग फैल गई। गोदाम के ऊपरी हिस्से में बने कमरों में कर्मचारी सो रहे थे। अचानक धुआं उठता देख उनकी नींद खुली। कर्मचारियों ने तत्काल नीचे आकर स्थिति का जायजा लिया और बिना देर किए बाहर निकल गए। इसके बाद उन्होंने फायर ब्रिगेड को सूचना दी और गोदाम संचालक स्वामी चावला को भी घटना की जानकारी दी। कर्मचारियों की सतर्कता के कारण समय रहते सभी सुरक्षित बाहर निकल आए और कोई जनहानि नहीं हुई। आग इतनी भीषण थी कि गोदाम में रखा अधिकांश माल पूरी तरह नष्ट हो गया। आग की चपेट में आने से पीतल के घंटे, जनरेटर, मालाएं, जूते-चप्पल, पैकिंग सामग्री, ट्रांसपोर्ट के लिए रखा अन्य सामान और गोदाम में खड़ा सीएनजी ऑटो पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के लोगों में भी दहशत फैल गई। गोदाम संचालक स्वामी चावला ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना तुरंत अग्निशमन विभाग को दे दी गई थी, लेकिन दमकल की गाड़ियां करीब डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंचीं। उनका कहना है कि यदि समय रहते फायर ब्रिगेड पहुंच जाती तो काफी सामान को बचाया जा सकता था। बाद में तीन दमकल वाहनों ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गोदाम का अधिकांश सामान जल चुका था। गोदाम मालिक स्वामी चावला ने आग से करीब 30 से 35 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है। उन्होंने बताया कि गोदाम में ट्रांसपोर्ट के लिए रखा गया विभिन्न कंपनियों का माल मौजूद था, जो पूरी तरह नष्ट हो गया। स्वामी चावला सिकंदरा थाना क्षेत्र के निवासी हैं।

उन्होंने सिक्किम लॉजिस्टिक, एचजीसी लॉजिस्टिक और सूरज ट्रेड कैरियर्स की फ्रेंचाइजी ले रखी है। आगरा में वह इन कंपनियों के एजेंट के रूप में विभिन्न स्थानों तक माल की बुकिंग और परिवहन का कार्य करते हैं। आग लगने से इन कंपनियों के ग्राहकों का माल भी प्रभावित हुआ है। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है। आशंका जताई जा रही है कि आग की शुरूआत सीएनजी ऑटो से हुई, लेकिन इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। पुलिस और अग्निशमन विभाग मामले की जांच में जुटे हैं।

## सेन्ट एंड्रूज पब्लिक स्कूल में छात्र संसद गठित




टीएनएफ टुडे, आगरा।

सेन्ट एंड्रूज पब्लिक स्कूल के सभागार में विद्यालय के नवीन छात्र संसद का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आजाद भगत सिंह, विशिष्ट अतिथि दिव्या शर्मा, विद्यालय के सीएमडी डॉ. गिरधर शर्मा, एमडीई ओशिन शर्मा, प्राचार्या अंशु सिंह एवं उप-प्राचार्य अभिषेक क्रिस्टी द्वारा दीप प्रज्जवलित व माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा अन्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्राचार्या अंशु सिंह द्वारा बैज तथा पौधे भेंट कर किया गया। सी.एम.डी. डॉ. गिरधर शर्मा द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि आजाद भगत सिंह ने कहा अनुशासन, नेतृत्व एवं बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें परिश्रम से प्राप्त करने की प्रेरणा दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रेरणादायक सामूहिक गीत एवं गणेश वंदना पर मनमोहक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। इसके पश्चात विशिष्ट अतिथि दिव्या शर्मा एवं डॉ. गिरधर शर्मा ने नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बैज एवं ध्वज प्रदान किए। एम.डी.ई. ओशिन शर्मा ने सभी निर्वाचित सदस्यों को नई जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन हेतु शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय की छात्र संसद में अरसलान सिद्दीकी (हेड बॉय), वैष्णवी शर्मा (हेड गर्ल), कशिश एवं आशु (कल्चरल इंचार्ज), आयुष पांडे (स्पोर्ट्स कैप्टन), अंशिका शर्मा (आजाद हाउस), पार्थ चुघ (शिवाजी हाउस), युविका चाहर (रानी लक्ष्मीबाई हाउस), आश्वी जैन (बोस हाउस) तथा मानवी जैन (डिसिप्लिन इंचार्ज) सहित अन्य पदाधिकारियों ने पद एवं निष्ठा की शपथ ग्रहण की। विद्यालय के सीएमडी डॉ. गिरधर शर्मा एवं ई. ओशिन शर्मा ने मुख्य अतिथि को स्मृति-चिह्न भेंट किया। प्राचार्या अंशु सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

संचालन विद्यालय के शिक्षक आदित्य अग्रवाल सहित विभिन्न विद्यार्थियों नव्या, सुहानी, दैविक, अपराजिता, आश्वी, उर्वि, मानवी, दृष्टि द्वारा किया गया। इस अवसर पर आलोक वैष्णव, ऋषभसिंह, हर्षित पाठक, अमन शर्मा, जूली दीक्षित, अंकुर सक्सैना, संजय मंगल, नलिनी अग्रवाल, पूजा प्रेमचंदानी, नवीन कुशवाह, ललित बंसल, शची सैनी, अंजना गुप्ता, प्रमोद, रूबी यादव, विक्की कथूरिया आदि मौजूद रहे।



अछ्नेरा मंडी में बनेगा बैंक भवन

## सांसद राजकुमार चाहर की पहल पर किसानों और व्यापारियों को होगा लाभ

**अछनेरा (आगरा)।** नवीन मंडी स्थल अछनेरा में किसानों, व्यापारियों एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों की सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फतेहपुर सीकरी के सांसद राजकुमार चाहर के अनुरोध पर कृषि उत्पादन मंडी समिति, अछनेरा की बैठक में नवीन मंडी स्थल अछनेरा स्थित मंडी परिसर में बैंक भवन निर्माण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। समिति ने कृषकों, व्यापारियों एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों की सुविधा और वित्तीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बैंक भवन निर्माण को आवश्यक एवं जनहितकारी बताया। प्रस्ताव को अग्रिम कार्यवाही हेतु उपनिदेशक (निर्माण), मंडी परिषद, आगरा को प्रेषित किया गया है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि सतेंद्र यादव, मंडी सचिव संजय पचहेरा, एलडीबी बैंक के चेयरमैन प्रतिनिधि शैलेन्द्र सिंह, अध्यक्ष किशनचंद अग्रवाल, नरेंद्र बिंदल, राजेश अग्रवाल, अमरचंद, विपिन गोयल, नरेश सोलंकी आदि मौजूद रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर दयालबाग में सत्संग

सेवा और समर्पण की भावमयी अभिव्यक्ति

टीएनएफ टुडे, आगरा।

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को दयालबाग में गुरु-प्रेम, श्रद्धा, कृतज्ञता, सेवा और समर्पण की भावधारा सत्संग, कृषि सेवा एवं विविध सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से सहज रूप से अभिव्यक्त हुई। बड़ी संख्या में उपस्थित सत्संगी भाई-बहनों एवं बच्चों ने पूरे उत्साह, उमंग और सेवाभाव के साथ सहभागिता की तथा परम पूज्य गुरु महाराज एवं परम आदरणीय रानी साहिबा के पावन दर्शन एवं सान्निध्य से भाव-विभोर होकर स्वयं को कृतज्ञ और अनुगृहीत अनुभव किया।

दयालबाग की जीवन-पद्धति में सत्संग, कृषि सेवा, शिक्षा, डेयरी तथा विविध सामुदायिक गतिविधियाँ



दैनिक जीवन का अभिन्न अंग हैं। इनमें सत्संगी भाई-बहन एवं बच्चे नियमित रूप से उत्साह और सेवाभाव के साथ सहभागिता करते हैं। प्रातःकाल एवं सायंकाल, दोनों समय परम पूज्य गुरु महाराज प्रेमनगर वैंटेज प्वाइंट पर पधारे और सिंहासन पर विराजमान हुए। जहाँ पाठ के दौरान उपस्थित सत्संग संगत श्रद्धा, आनंद और उल्लास से भाव-विभोर हो उठी। इसके पश्चात परम पूज्य गुरु महाराज एवं परम आदरणीय रानी साहिबा जी के कृषि कार्य हेतु खेतों में पधारने से वहाँ का वातावरण भी गुरु-भक्ति, उल्लास और सेवाभाव से सराबोर हो उठा। खेतों में पहुँचते ही सत्संगी भाई-बहन एवं बच्चे अपने-अपने कृषि सेवा कार्यों में पूरे उत्साह और उमंग के साथ जुट गए। कृषि कार्य के दौरान नियमित गतिविधियों के क्रम में पी.टी., सुपरह्यूमन स्कीम के

**प्रीति प्रतीति हिये भई भारी।**
**दास आरती करन बिचारी।।**
**शब्द विवेक थाल लिया हाथा।**
**अमी धार धुन जोत जगाता।।**

बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, शारीरिक व्यायाम तथा आत्मसुरक्षा प्रदर्शन भी हुए। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रातःकाल एवं सायंकाल, दोनों समय सुपरह्यूमन स्कीम के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष रूप से गुरु-प्रेम, श्रद्धा और समर्पण के भाव से ओत-प्रोत रहे। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों तथा शारीरिक व्यायाम एवं आत्मसुरक्षा प्रदर्शन ने उपस्थित संगत में विशेष उत्साह और आनंद का संचार किया।



### गुरु पूर्णिमा पर पूजन कर प्रसाद बांटा

**आगरा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर साईं सेवा मित्र मंडल समिति द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ सद्गुरु श्री साईंनाथ का पूजन, आरती एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 4:30 बजे हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन-अर्चना के उपरांत सभी श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए समाज में सेवा, प्रेम, सद्भाव एवं मानव कल्याण का संदेश दिया गया। श्रद्धालुओं ने सभी के सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष हार्दिक गोयल, सचिव संजय सत्यदेव, राजेंद्र घिल्डियाल, राकेश गौतम, विनय, सचिन मित्तल, योगी, संजय अग्रवाल सहित समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### भाजपा ने किया टिफिन बैठक का आयोजन



**आगरा।** बरौली अहीर भाजपा किसान मोर्चा ने टिफिन बैठक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं ने सहभाग किया। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र रावत के नेतृत्व में गांव राजरई में टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन एवं केन्द्र एवं राज्य सरकार सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा हुई। इस दौरान 2027 में होने वाले विधान सभा चुनाव के दौरान किसान मोर्चा की भूमिका पर चर्चा करते हुए नेताओं ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर पांच कार्यकर्ताओं की तैनाती की जाएगी। क्षेत्र से मिलने वाली जनसमस्याओं के निराकरण के लिए एक टीम का गठन किया जाएगा। जो अधिकारियों से मुलाकात कर समस्या हल कराने का प्रयास करेगी। कार्यक्रम में ठाकुर जगबीर सिंह, प्रदीप चौहान, आकाश त्यागी, जयप्रकाश निषाद, राहुल राजपूत, उदय प्रताप सिंह आदि बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

### मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में लगा विधिक जागरूकता शिविर

**आगरा।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार बुधवार को पंकज कुमार-क, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मानसिक चिकित्सालय स्वास्थ्य संस्थान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थान में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा, आवास, भोजन, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। शिविर में सचिव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, विधिक अधिकारों तथा समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के लिए उपलब्ध विभिन्न विधिक सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार राठौर, अधीक्षक अनिल सिसोदिया तथा संस्थान के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय एआई कॉन्क्लेव 7-8 अगस्त को

**आगरा।** कॉरपोरेट काउंसिल फॉर लीडरशिप एंड अवेयरनेस द्वारा 7 एवं 8 अगस्त को जेपी पैलेस होटल एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय एआई कॉन्क्लेव में केंद्रीय राज्य मंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, भारत सरकार जितिन प्रसाद, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस संबंध में नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में कॉरपोरेट काउंसिल फॉर लीडरशिप एंड अवेयरनेस (सीसीएलए) के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय राज्य मंत्री से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें कॉन्क्लेव का औपचारिक आमंत्रण पत्र भेंट किया।

बच्चों को साइबर क्राइम के टिप्स दिए

## जगनेर में 'मिशन शक्ति' व 'एंटी रोमियो' टीम का जागरूकता अभियान

टीएनएफ टुडे, जगनेर (आगरा)।

शासन के निदेर्शों पर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना जगनेर पुलिस ने व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। थाना जगनेर की एंटी रोमियो टीम प्रभारी महिला सिपाही राशिका ने टीम के साथ कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं, युवतियों व स्कूली छात्र-छात्राओं को उनकी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल मदद पाने के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। पुलिस कर्मियों ने थाने में संचालित 'महिला हेल्प डेस्क' की कार्यप्रणाली के बारे में बताते हुए कहा कि महिलाएं बिना किसी संकोच के अपनी शिकायतें दर्ज करा सकती हैं। इसके साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर एंटी रोमियो और मिशन शक्ति टीम के सदस्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं व स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं।



**साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए**

अभियान के अगले चरण में पुलिस टीम ने स्थानीय विद्यालय में पहुंचकर विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। टीम ने बच्चों को साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों से सतर्क रहने की सलाह दी। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों से कहा कि वे इंटरनेट व सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्क रहें। किसी भी अज्ञात व्यक्ति से अपना ओटीपी (OTP), पासवर्ड या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। यदि कोई साइबर धोखाधड़ी का शिकार होता है, तो तुरंत 1930 पर कॉल करें।

गुरु पूर्णिमा पर किए चरण वंदन

## ककुआ स्थित मानव आश्रम में बजरंग कल्याण मिशन का कार्यक्रम

टीएनएफ टुडे, आगरा।

गुरु ही वह एक मात्र साधन है, जो ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करता है। कर्मयोग ही सच्ची साधना है। कुछ ऐसे ही विचारों के साथ ककुआ स्थित मानव आश्रम में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में बजरंग कल्याण मिशन द्वारा गुरु दर्शन, पादुका पूजन व कीर्तन का आयोजन किया गया। कीर्तन में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ श्रीहरि व गुरु महिमा के भजन गाए। सभी भक्तों ने पूज्यनीय गुरूजी महावीर जी के पावन सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। पहले भक्तों ने गुरु दर्शन और पादुका पूजन किया। इसके उपरान्त गुरु आशीर्वचन प्राप्त किये और प्रसाद ग्रहण। इसके बाद पुज्यनीय गुरु द्वारा भक्तों का शक्ति पात किया। लगभग 100 भक्तों ने दीक्षा



ग्रहण की, तत्पश्चात गुरु आरती की गई और सुरुचि पूर्ण भण्डारा प्रसाद वितरण किया। सर्वप्रथम पादुका पूजन रवि रावत तो शिल्पा रावत ने किया। महावीर जी ने आश्रम में चल रही चिकित्सकीय व सामाजिक सेवा के बारे में कहा कि रेकी हीलिंग के माध्यम से केवल शारीरिक एवं मानसिक संतुलन पर ही नहीं, बल्कि पारिवारिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत जीवन में उत्पन्न होने वाली विभिन्न समस्याओं पर भी कार्य किया जाता है। 5 से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए बाल संस्कार केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। उद्देश्य आधुनिक समय में लुप्त होते भारतीय संस्कारों, नैतिक मूल्यों, अनुशासन, सेवा भावना एवं चरित्र निर्माण को नई पीढ़ी तक पहुँचाना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भोजराज सिंह संरक्षक बजरंग कल्याण मिशन, बाबा कालीचरण दास, हरिओम सिंह व्यवस्थापक, हरि सिंह तोमर, सत्येंद्र सिंह, हरिओम भगत जी, विष्णु तोमर, नरेंद्र सिंह, सोमवती, सत्तो देवी, उर्मिला आदि उपस्थित रहे।

# उम्र 70 वर्ष से अधिक है तो आयुष्मान कार्ड बनवाएं

टीएनएफ टुडे, आगरा।

जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, जननी सुरक्षा योजना, संस्थागत प्रसव, संपूर्ण टीकाकरण, संचारी रोग नियंत्रण, आयुष्मान भारत योजना, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, एचपीवी टीकाकरण तथा अन्य स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी ने पिछली बैठक की अनुपालन आख्या तलब की। समीक्षा के दौरान यूपीएचसी छत्ता, नगला पदी, विभव नगर, नगला बूढ़ी तथा लोहामंडी में शून्य डिलीवरी परफॉर्मेंस पाए जाने तथा अपेक्षित प्रगति न होने पर संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों के वेतन



पर लगाई गई रोक को यथावत रखने के निर्देश दिए। यूपीएचसी नया घेर, लोहामंडी, सेवला एवं जगदीशपुरा में प्रगति पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों का वेतन जारी करने के निर्देश दिए। सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने विशेष अभियान चलाकर प्रत्येक पात्र बुजुर्ग का आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए।

बैठक में जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) के अंतर्गत मंत्रा पोर्टल पर लंबित भुगतान की समीक्षा के दौरान सीएचसी फतेहाबाद में 529, एस.एन. मेडिकल कॉलेज में 480, जिला महिला चिकित्सालय में 401, सीएचसी खंदौली में 207 तथा सीएचसी पिनाहट में 206 भुगतान लंबित पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित एमओआईसी से स्पष्टीकरण तलब करते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त की। सीएचसी फतेहपुर सीकरी एवं जगनेर, जैतपुर कलां, खेरागढ़, किरावली, शमसाबाद की प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष नहीं पाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधितों को कड़ी फटकार लगाते हुए एएनएम की नियमित मॉनिटरिंग तथा प्रतिदिन पोर्टल पर प्रगति अद्यतन करने के निर्देश दिए।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# छात्रों से संवाद की ओर बढ़ते कदम

नरेंद्र मोदी जी का ये सरेंडर आरएसएस और इसके प्रचारक मोदी के लिए कुछ भी चिंताजनक नहीं है। ये महाशय मोदी और ये संघ, अपना झोला उठाकर कहीं भी, कभी भी चल पड़ेंगे। सोचना तो हमें है कि हम और कोई और ऐसा प्रधानमंत्री और ऐसी संघशक्ति कहाँ से लायेंगे जो हमें बारह वर्षों तक तमाम दुर्लक्ष्यों जैसे अद्वितीय आर्थिक विकास, गगन–पाताल को भेदने वाला इन्फ्रास्ट्रक्चर, मंगल मिशन, चंद्रमा मिशन, राममंदिर, अनुच्छेद 370, कश्मीर में शांति, असम–बंगाल के रास्ते बांग्लादेशी घुसपैठियों पर रोक, विदेशों में हमारा बड़ा सा बार्गेनिंग पॉवर, पाकिस्तान में भीतर तक घुसकर एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर आदि को साधकर भी दंगामुक्त शासन दे पायेगी? संघ परिवार के अतिरिक्त कोई भी पार्टी इनमें से एक भी काम करती तो देश भर में दंगे होते। खून की नदियाँ बहती। ऐतिहासिक मार–काट होती। कदाचित् (शायद) गृहयुद्ध भी हो जाता। ख्याल आया कि शाहीन बाग से लेकर ये जंतर–मंतर तक, सब भारत में गृहयुद्ध भड़काने की तैयारी ही तो है। याद है न? इन्हीं लोगो के शब्द हैं – 'धारा 370 को छू कर देख लो, खून की नदियाँ बह जाएँगी' और ये पाकिस्तानी भाषा भी याद होगी आपको – 'पंद्रह मिनिट के लिए देश की फौज और पुलिस को रोक लेना हम इस देश में तख़्ता पलट देंगे' और यह भी कि 'मंदिर.. तारीख नहीं बताएँगे'। ये सब इस संघशक्ति ने किया भी और खून की नदियाँ तो छोड़िए साहब; इन्होंने देश में परिंदे को पर भी न मारने दिए हैं। संघशक्ति से मोदी ने स्वयं को परिश्रमपूर्वक सिद्ध किया है, इस देश की जनता के समक्ष। 75 की आयु में अट्ठारह घंटे काम कर रहा ये बिना भगवे का सन्यासी हमारी अंतर्राष्ट्रीय पूंजी है। इसने इस देश से बाबर और औरंगजेब का नाम मिटाया है और अरब में जाकर मदिरों के शिलान्यास से लेकर प्राणप्रतिष्ठा तक के दसियों आयोजन करवा दिए हैं। अरेबियन मुस्लिम योग–ध्यान के पीछे पागल हुए हैं तो इसी भारत सरकार की कलाकारी से ही हुए हैं। ये आंदोलन धर्मेंद्र प्रधान के विरोध में या फूलफ़्रूफ नीट परीक्षाओं के लिए नहीं था। यदि होता तो नीट पर कानून आने के बाद ये शांति से अलग हो जाते। ये आंदोलन उस संघ शक्ति के विरोध में है जो इस देश को कॉमन सिविल कोड की देने की तैयारी में लगी है, जो हमें नागरिकता रजिस्टर जैसा बड़ा कवच (सिस्टम) देनें की तैयारी कर रही है, जो हमें कभी न कभी हमारा मुकुटमणि पाक आकूपाइड कश्मीर भी वापिस दिलवाने वाली है। हमें यह भी सोचना चाहिए कि आखिर इन फॉरेन पॉवर सेंटर्स को नरेंद्र मोदी से क्या कष्ट है और क्यों है? एक 'शक्तिशाली भारत' के विरोध में खड़े है ये सब और हमें लगता है कि ये नरेंद्र मोदी का विरोध है। फिर कहता हूँ, ये सब वीडियो देखना, इस जैसे सैकड़ों वीडियो इंटरनेट पर यहाँ–वहाँ घूम रहें हैं उन्हें भी देखना। दिल्ली छात्र आंदोलन के एआई जनरेटेड फोटो वीडियो आदि भी देखना। जनता को भड़काने और भुजाएँ फड़क जाएँ ऐसे फेक/नकली वीडियो/फोटो किस लक्ष्य से बने हैं? कौन है जो ऐसी पिशाच बुद्धि से ये सब करा रहा है? सनद्‌रहे मोदी तो बहाना है। इनका लक्ष्य समूचे देश को पटिए पर लाना है।देश के प्रधानमत्री ने देश की अंदरूनी शान्ति के लिए या आगे किसी बड़े लक्ष्य को साधने के लिए ऐसी फॉरेन फंडेड, फॉरेन लेंग्वेज्ड, फॉरेन फीडेड, फॉरेन माइंडेड और निर्लज्ज शक्तियों के आगे समर्पण कर दिया है। स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए और समय की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए उनका यह कदम बड़प्पन से परिपूर्ण कदम तो है किंतु, दीर्घकालिक दृष्टि से है तो यह गलत ही। इसके परिणामों के प्रति देश को अभी से सचेत होना होगा।

# चीन क्यों कब्जाना चाहता है सोनम वांगचुक का गांव? क्या है ड्रैगन की बड़ी चाल

1962 के युद्ध में चीन ने जबरन अक्साई चीन के लगभग 38 हजार वर्ग किलोमीटर इलाके पर कब्जा जमा लिया। तब से लेकर आज तक गलवान घाटी से लेकर पैंगोंग के तटों तक चीन सीमा विवाद को भड़काकर लद्दाख पर दबाव बनाने की कोशिश करता रहा है। हालांकि, भारतीय सेना के कड़े जवाब और अडिग संकल्प ने यह साफ कर दिया है कि अक्साई चीन समेत पूरा लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा है। प्रशासनिक दृष्टि से शुरू में इसे जम्मू–कश्मीर का एक जिला बनाया गया था। चीन के इस अनवरत क्षेत्रीय दावे के बावजूद, भारतीय सेना ने हर दौर में अपनी सरहदों की हिफाजत के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है और भारत ने हमेशा स्पष्ट किया है कि अक्साई चीन समेत पूरा लद्दाख देश का अटूट और अभिन्न अंग है। लेह–लद्दाख! नाम सुनते ही आंखों के सामने बर्फ से ढकी गगनचुंबी चोटियां, पैंगोंग झील का नीला जादुई पानी और सपीली सड़कों पर बाइक दौड़ाते सैलानियों का मजा तैरने लगता है। इसके साथ ही जहन में आते हैं दुनिया की सबसे ऊंची जंग का मैदान सियाचिन, भारत–चीन युद्ध की ऐतिहासिक शौर्य गाथाएं और लद्दाख की आवाज बने सोनम वांगचुक। लेकिन जरा रुकिए... बर्फ की चादर में लिपटा, बेहद शांत और शांत दिखता यह लद्दाख हमेशा ऐसा नहीं था! अगर इन विशाल काली चट्टानों को जुबान मिल जाए, तो ये आपको खूनी युद्धों, बौद्ध भिक्षुओं की शांति, और दुनिया के सबसे खतरनाक व्यापारिक रास्तों से गुजरते कारवां की ऐसी कहानियां सुनाएंगी कि आपके रोंगटे खड़े हो जाएं। यह सिर्फ पहाड़ों का देश नहीं है, बल्कि सदियों पुराने रहस्यों का एक ऐसा कुआं है जो इतिहास के पन्नों में कहीं खो गया। आइए, आज आपको लद्दाख के उसी अनदेखे, अनसुने और हैरान कर देने वाले इतिहास की एक रोमांचक सैर पर ले चलते हैं! साल 1947 में जब भारत आजाद हुआ तो कश्मीर को लेकर गतिरोध चलने लगा। लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच एलओसी बनने के बाद लद्दाख भी भारत का अभिन्न अंग बन गया। लेकिन चीन में कम्युनिस्ट शासन आने के बाद से इस इलाके पर चीनी दावे शुरू हो गए। चीन पूरे लिए लद्दाख पर अपना दावा जताता रहा है। 1962 में हुई भारत चीन की लड़ाई के बाद से चीन ने लद्दाख के अक्साई चीन का इलाका अपने कब्जे में कर लिया। हालांकि भारत उस इलाके को हमेशा से अपना अभिन्न अंग मानता आया है। लेह लद्दाख की बात करें तो शुरू में इसे जम्मू कश्मीर राज्य के भीतर एक जिले के रूप में रखा गया। लेकिन अपनी अलग भौगोलिक स्थिति, सांस्कृतिक पहचान और सामरिक महत्व के कारण यहां के लोगों की लंबे समय से यह मांग थी कि इसे एक अलग पहचान दी जाए। आखिरकार 5 अगस्त 2019 का दिन लद्दाख के इतिहास में एक नया सवेरा लेकर आया। जब भारतीय संसद ने इसे एक अलग केंद्र शासित प्रदेश घोषित कर दिया। आज लद्दाख अपनी प्राचीन मोनेस्ट्रीज, पगोंग, झील और लेह की वादियों के साथ–साथ भारतीय सेना के शौर्य का भी एक बहुत ही बड़ा प्रतीक है। संक्षेप में कहें तो लेह लद्दाख का इतिहास सिर्फ बर्फ और चट्टानों की कहानी नहीं है बल्कि यह इंसानी जीजीवी, व्यापार, सांस्कृतिक मेलजोल और संघर्ष की एक ऐसी गाथा है जो हर किसी को हैरान कर देती है।

-अनाम

# क्या हमारे स्कूल सिर्फ कॉकरोच फैक्ट्री ही रहेंगे, या बदलाव की नर्सरी बनेंगे?




जैन जी का आंदोलन तो फिलहाल समाप्त हो गया है, लेकिन गालियों के रूप में जो मलवा सोशल मीडिया पर बिखर चुका है, उस से अनेक असहज सवालात अंतरिक्ष भ्रमण कर रहे हैं!

अगर हमारे स्कूल सचमुच शिक्षा के मंदिर हैं, तो उनसे निकल रही पीढ़ी संवाद, सहिष्णुता और तर्क के बजाय इतनी जल्दी नफरत और अपशब्दों की भाषा क्यों सीख रही है?

अगर करोड़ों रुपये खर्च करके स्कूल खड़े किए जाएँ, लेकिन बच्चा एक साधारण पैराग्राफ भी न पढ़ सके, तो ऐसी शिक्षा का क्या अर्थ है?

अगर सरकारी स्कूल सचमुच बेहतर हैं, तो लाखों माता-पिता हर साल उन्हें छोड़कर निजी स्कूलों की शरण में क्यों जा रहे हैं?

और अगर हमारी शिक्षा व्यवस्था सही रास्ते पर है, तो हाल ही में हजारों युवा जंतर-मंतर पर नीट परीक्षा में गड़बड़ियों के खिलाफ न्याय, पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग लेकर सड़कों पर क्यों उतर आए?

ये तीन अलग-अलग सवाल नहीं हैं। ये एक ही बीमारी के तीन लक्षण हैं। बीमारी हमारे स्कूलों की इमारतों में नहीं, हमारी शिक्षा की बुनियाद में है। "सवाल सिर्फ स्कूलों का नहीं, उस समाज का है जिसे हमारे स्कूल गढ़ रहे हैं।"

यूडीआईएसई+ (वउक्रएए+) 2025-26 की ताजा रिपोर्ट इस बेचैन करने वाली सच्चाई की पुष्टि करती है। भारत की स्कूली शिक्षा एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां कुछ उपलब्धियां दिखती हैं, लेकिन उनसे कहीं बड़े संकट भी सामने आते हैं। एक तरफ सुधार होता है, दूसरी तरफ व्यवस्था की कोई और कमजोरी उसे पीछे धकेल देती है। देश में कुल छात्र संख्या 24.80 करोड़ से घटकर 24.72 करोड़ रह गई। अकेले सरकारी स्कूलों से लगभग 86 लाख बच्चे कम हुए, जबकि निजी स्कूलों में 88 लाख से अधिक नए छात्र जुड़े। माता-पिता अपने फैसले से साफ संदेश दे रहे हैं। एक ही वर्ष में 8,000 से अधिक सरकारी स्कूल बंद हो गए। अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की संख्या भी घटी। आज भी एक लाख से अधिक स्कूल केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं, जहां लगभग 34 लाख बच्चों को एक साथ कई कक्षाओं में पढ़ाया जाता है।

लेकिन सबसे बड़ा संकट स्कूल की इमारतों में नहीं, कक्षाओं के भीतर है। एएसईआर 2024 बताता है कि महामारी के बाद कुछ सुधार जरूर हुआ है, लेकिन हालात अभी भी चिंताजनक हैं। कक्षा तीन के केवल लगभग एक चौथाई बच्चे ही कक्षा दो का पाठ ठीक से पढ़ सकते हैं। लगभग दो-तिहाई बच्चे साधारण घटाव तक नहीं कर पाते। पारख और नीति आयोग की रिपोर्टें बताती हैं कि कक्षा छह के अनेक विद्यार्थी साधारण भिन्न और रोजमर्रा की गणितीय समझ में भी कमजोर हैं। आठवीं तक पहुंचते-पहुंचते पढ़ने की क्षमता भी पहले से गिर चुकी है। यानी बच्चे कक्षा तो पास कर रहे हैं, लेकिन सीख नहीं रहे। उनके हाथ में प्रमाणपत्र है, पर आत्मविश्वास नहीं। अंक हैं, लेकिन ज्ञान नहीं।

स्कूलों में बिजली, शौचालय और पेयजल जैसी सुविधाएं बढ़ी हैं। यह स्वागतयोग्य है। लेकिन हजारों स्कूलों में आज भी खेल का मैदान नहीं है, दिव्यांगों के लिए सुविधाएं नहीं हैं, कंप्यूटर काम नहीं करते और इंटरनेट केवल कागजों में मौजूद है।

शिक्षा पर सरकारी खर्च भी चिंता बढ़ाता है। पिछले एक दशक में केंद्रीय बजट में शिक्षा की हिस्सेदारी लगातार घटी है। कम निवेश का सीधा असर शिक्षकों की नियुक्ति, प्रशिक्षण और पढ़ाई की गुणवत्ता पर पड़ता है। इमारतें जल्दी बन सकती हैं, लेकिन भरोसा धीरे-धीरे बनता है। देश की स्कूली शिक्षा पांच बड़ी बीमारियों से जूझ रही है। सबसे बड़ी बीमारी है कमजोर सीखने की क्षमता। बच्चे वर्षों तक स्कूल जाते हैं, लेकिन पढ़ना, लिखना और साधारण गणित तक ठीक से नहीं सीख पाते। दूसरी समस्या है बीच रास्ते पढ़ाई छोड़ देना। पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले लगभग आधे बच्चे बारहवीं तक पहुंच ही नहीं पाते। हर स्तर पर स्कूल बदलने की मजबूरी ड्रॉपआउट का खतरा बढ़ाती है। तीसरी चुनौती है शिक्षकों की भारी कमी। एक लाख से अधिक स्कूल आज भी केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं।

चौथी समस्या है शिक्षा व्यवस्था का बिखराव। प्राथमिक स्कूल बहुत हैं, लेकिन माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूल अपेक्षाकृत कम। बच्चों को बार-बार स्कूल बदलना पड़ता है, जिससे पढ़ाई की निरंतरता टूट जाती है। पांचवीं चुनौती है गहरी असमानता। राज्यों, आय वर्गों और सामाजिक समूहों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता में भारी अंतर है। अनुसूचित जाति और जनजाति के बच्चों की सीखने की क्षमता अब भी पीछे है।

समस्या यहीं खत्म नहीं होती।

देश में दर्जनों शिक्षा बोर्ड, अलग-अलग पाठ्यक्रम और अलग-अलग परीक्षा प्रणालियां चल रही हैं। सीबीएसई, सीआईएससीई, एनआईओएस, राज्य बोर्ड, संस्कृत बोर्ड, मदरसा बोर्ड और अंतरराष्ट्रीय बोर्ड; सब अपनी-अपनी दिशा में चल रहे हैं। यह विविधता कम और भ्रम ज्यादा पैदा करती है।

भारत का एक छात्र लगभग पच्चीस वर्ष तक किसी न किसी परीक्षा की तैयारी करता रहता है। स्कूल, कॉलेज, प्रतियोगी परीक्षा, नौकरी। लेकिन जीवन जीने की कला, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और समस्या समाधान जैसे कौशल अक्सर पीछे छूट जाते हैं।

नीट को लेकर जंतर-मंतर पर जो गुस्सा दिखाई दिया, वह अचानक नहीं फूटा। उसकी शुरूआत उन कक्षाओं में हुई थी जहां समझने से ज्यादा रटाया गया। उन कोचिंग सेंटरों में हुई, जहां स्कूलों से ज्यादा भरोसा पैदा हो गया। उन घरों में हुई, जहां माता-पिता अपनी सारी जमा-पूंजी एक अनिश्चित भविष्य पर दांव लगाने को मजबूर हैं।

भारत कभी नालंदा और तक्षशिला जैसी विश्वविख्यात शिक्षा परंपरा का केंद्र था। आज भी आईआईटी और कुछ चुनिंदा संस्थान दुनिया में सम्मान पाते हैं। लेकिन पूरी शिक्षा व्यवस्था अभी भी उस स्तर तक नहीं पहुंच सकी, जिसकी एक उभरती महाशक्ति से उम्मीद की जाती है।

भारत को केवल अधिक स्कूलों की जरूरत नहीं है। बेहतर स्कूलों की जरूरत है।

केवल अधिक दाखिलों की नहीं, बेहतर सीखने की जरूरत है। केवल अधिक परीक्षाओं की नहीं, बेहतर शिक्षा की जरूरत है।

जेन जी अपना फैसला सुना चुकी है। वह सड़कों पर उतर चुकी है। अब परीक्षा सरकार, नीति-निमार्ताओं और पूरे समाज की है।

देश का हर छात्र आज सिर्फ एक सवाल पूछ रहा है–

क्या हमारी शिक्षा हमें जिंदगी के लिए तैयार करेगी, या सिर्फ अगली परीक्षा के लिए?

यही सवाल भारत के भविष्य का भी फैसला करेगा।

**-बृज खंडेलवाल द्वारा**

# आखिर क्या हो 'प्रदर्शन प्रोटोकॉल' ताकि न होने पाए उपद्रव?



किसी भी लोकतंत्र में प्रदर्शन का अधिकार और जन-जीवन की सुरक्षा–दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। इसलिए ऐसा प्रोटोकॉल होना चाहिए जो शांतिपूर्ण विरोध की रक्षा करे, लेकिन हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ को रोके। गत दिनों कॉकरोच जनता पार्टी/सीजेपी के विरोध प्रदर्शन के दौरान दिल्ली या अन्य राज्यों में जो कुछ हुआ, उससे यह प्रश्न एक बार पुनः प्रासंगिक हो चुका है।

**पहला, पूर्व अनुमति और उत्तरदायित्वः** आयोजकों को समय, मार्ग, अनुमानित भीड़ और जिम्मेदार पदाधिकारियों की जानकारी पहले से देनी चाहिए।

**दूसरा, शांति की लिखित प्रतिज्ञाः** आयोजक यह लिखित आश्वासन दें कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहेगा। हिंसा होने पर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई में सहयोग करेंगे।

**तीसरा, निर्धारित स्थान और मार्गः** प्रदर्शन के लिए तय मार्ग और स्थान हों, ताकि अस्पताल, स्कूल, एम्बुलेंस और आवश्यक सेवाएं बाधित न हों।

चौथा, वीडियो रिकॉर्डिंग और बॉडी कैमराः पुलिस और आयोजकों–दोनों की ओर से रिकॉर्डिंग हो, ताकि बाद में यह स्पष्ट हो सके कि हिंसा किसने शुरू की।

**पांचवां, हथियार और खतरनाक सामग्री पर प्रतिबंधः** लाठी, पेट्रोल, पत्थर, ज्वलनशील पदार्थ या अन्य खतरनाक सामान लाने पर रोक हो।

**छठा, चरणबद्ध पुलिस कार्रवाईः** पुलिस पहले संवाद करे, फिर चेतावनी दे, उसके बाद ही आवश्यकता पड़ने पर न्यूनतम बल का प्रयोग करे।

**सातवां, तोड़फोड़ की भरपाईः** यदि जांच में साबित हो कि किसी व्यक्ति या समूह ने सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, तो उससे क्षतिपूर्ति वसूली जाए। केवल भीड़ में मौजूद होने के आधार पर किसी पर दायित्व न डाला जाए।

**आठवां, उकसाने वालों की पहचानः** सीसीटीवी, ड्रोन और वीडियो साक्ष्यों के आधार पर वास्तविक उपद्रवियों की पहचान कर कार्रवाई हो। शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों और हिंसक तत्वों में स्पष्ट अंतर किया जाए।

**नौवां, स्वतंत्र निगरानीः** बड़े प्रदर्शनों में न्यायिक या स्वतंत्र पर्यवेक्षकों की व्यवस्था हो, जिससे पुलिस और प्रदर्शनकारियों–दोनों की जवाबदेही बनी रहे।

**दसवां, समान कानून, समान अनुपालनः** नियम किसी भी संगठन, दल, जाति या विचारधारा के लिए अलग-अलग नहीं होने चाहिए। कानून का निष्पक्ष और समान रूप से पालन ही जनता का विश्वास बढ़ाता है।

ऐसा प्रोटोकॉल लोकतंत्र को कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत करेगा। इससे नागरिकों का शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार भी सुरक्षित रहेगा और समाज को हिंसा, आगजनी तथा सार्वजनिक संपत्ति की क्षति से भी बचाया जा सकेगा।

**ज्वलंत प्रश्नः** प्रोटोकॉल टूटने पर राजनीतिक दलों और संगठनों के नेतृत्व व संलिप्त तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना चाहिए या नहीं?

चूंकि यह एक नीतिगत और कानूनी प्रश्न है। लिहाजा इसका संतुलित उत्तर यह है कि सिर्फ नेतृत्व के पद पर होने के कारण कार्रवाई नहीं होनी चाहिए, लेकिन यदि कानून के अनुसार उनकी जिम्मेदारी या संलिप्तता सिद्ध होती है, तो अवश्य होनी चाहिए।

**लोकतांत्रिक व्यवस्था में निम्न सिद्धांत उचित माने जा सकते हैं:** एक, यदि नेतृत्व ने हिंसा के लिए उकसाया, उसका निर्देश दिया, या हिंसक गतिविधियों की योजना में शामिल था, तो उसके विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई होनी चाहिए।

दो, यदि न्यायिक प्रक्रिया या जांच से यह सिद्ध हो कि नेतृत्व ने जानबूझकर हिंसा रोकने के अपने दायित्व की अनदेखी की, तो प्रासंगिक कानूनों के तहत जवाबदेही तय की जा सकती है।

तीन, यदि प्रदर्शन की शर्तों का गंभीर उल्लंघन हुआ और आयोजक ने सहयोग नहीं किया, तो भविष्य में अनुमति पर प्रतिबंध, आर्थिक दंड या अन्य वैधानिक कार्रवाई जैसे उपाय किए जा सकते हैं।

लेकिन केवल इसलिए कि कोई व्यक्ति किसी दल या संगठन का प्रमुख है, उसके विरुद्ध बिना साक्ष्य के कार्रवाई करना कानून के शासन और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत होगा।

सबसे उपयुक्त व्यवस्था यह होगी कि व्यक्तिगत आपराधिक जिम्मेदारी साक्ष्य के आधार पर तय हो। संगठनात्मक जिम्मेदारी अलग से तय हो, जैसे क्षतिपूर्ति या प्रशासनिक दंड। सभी दलों और संगठनों पर एक ही नियम समान रूप से लागू हों। अंतिम निर्णय स्वतंत्र जांच और न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर हो, न कि राजनीतिक दबाव में। इस प्रकार, कठोर जवाबदेही होनी चाहिए, लेकिन वह साक्ष्य, निष्पक्ष जांच और विधि के शासन पर आधारित होनी चाहिए, न कि केवल पद या राजनीतिक पहचान पर।

**– कमलेश पांडेय**

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 31 जुलाई 2026 शुक्रवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शनः आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष वृष सिंह कन्या धनु और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। भृगुवार का दिन साक्षात ऐश्वर्य की देवी महालक्ष्मी की साधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन लक्ष्मी जी को श्वेत पुष्प अर्पित करना तथा लक्ष्मी चालीसा या श्री सूक्त का वाचन करना जीवन में असीम वैभव आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक सम्मान में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक होगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पाएंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी सुस्ती आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। मां लक्ष्मी को प्रणाम करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी मुख्य और सम्मानित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। लक्ष्मी अष्टक का जाप करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यावसायिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। मां लक्ष्मी के सम्मुख दीप प्रज्वलित करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊजार्वान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। माता महालक्ष्मी को सफेद पुष्प अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर सफेद चंदन का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और उच्च सहयोगियों की मदद से किसी महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी सच्ची मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। असहाय लोगों के लिए अन्न की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में सफेद मिष्ठान का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। महालक्ष्मी कवच का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का अधिक लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखित प्रमाण के कोई महत्वपूर्ण आर्थिक व्यवहार न करें। महालक्ष्मी मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए मुख्य व्यावसायिक सहयोगी सम्मिलित होने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। लक्ष्मी नारायण जी को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत महत्वपूर्ण और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। गाय को हरी घास खिलाएं जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को असीम राहत मिलेगी। किसी लक्ष्मी मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

भृगुवार के दिन घर के मुख्य हॉल में पूर्व की दिशा में जल से भरा हुआ पीतल का कलश स्थापित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात महालक्ष्मी की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा संवर्धित होती रहती है।

# अत्यधिक कम बोली लगाने वालों से अतिरिक्त प्रदर्शन की गारंटी ली जाए

## एमईएस ठेकेदारों ने उठाईं नौ प्रमुख मांगें, समस्याओं के समाधान को सौंपा ज्ञापन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की मथुरा शाखा ने सैन्य अभियंत्रण सेवा एमईएस से जुड़े ठेकेदारों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बुधवार को मुख्य अभियंता हेडक्वार्टर कमांडर वर्क्स इंजीनियर मथुरा को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि लंबे समय से लंबित मुद्दों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में ठेकेदार समुदाय के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है।

ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष 2025-2032 के लिए बड़ी संख्या में पहले से पंजीकृत ठेकेदारों की एनलिस्टमेंट का अब तक नवीनीकरण नहीं किया गया है, जिससे उन्हें नए कार्यों में भाग लेने में कठिनाई हो रही है। एसोसिएशन ने मांग की कि वर्ष 2010 के बाद से सभी श्रेणियों के ठेकेदारों की वित्तीय सीमाओं में कोई वृद्धि नहीं हुई है, जबकि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए इन सीमाओं का पुनरीक्षण आवश्यक है। साथ ही ई-श्रेणी के ठेकेदारों को 50 लाख रुपये तक के कार्यों में निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति पूर्व व्यवस्था के अनुसार बहाल करने की मांग भी की गई। ज्ञापन में कार्य पूर्ण होने के तुरंत बाद 100 प्रतिशत परफॉर्मेंस सिक्योरिटी वापस करने, ईएमबी प्रणाली में व्याप्त तकनीकी खामियों को दूर कर भुगतान में हो रही देरी समाप्त करने तथा सीपीडब्ल्यूडी और भारतीय रेलवे की तर्ज पर मूल्य वृद्धि (प्राइस एस्केलेशन) के प्रावधान लागू करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

एसोसिएशन ने यह भी कहा कि निविदाओं के अनुमोदन में अत्यधिक समय लगने से छोटे ठेकेदारों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में असामान्य रूप से कम दरों पर ठेके दिए जाने पर भी चिंता जताई गई। एसोसिएशन ने मांग की कि निर्धारित दरों से अत्यधिक कम बोली लगाने वाले ठेकेदारों से अतिरिक्त प्रदर्शन गारंटी ली जाए तथा ऐसे मामलों में तीसरे पक्ष से कार्यों का सख्त निरीक्षण कराया जाए, ताकि सरकारी धन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन चेयरमेन राजेन्द्र सिंह यादव सचिव तरुण मंगला सहित दर्जनों एमईएस ठेकेदार मौजूद थे।

# मानसरोवर में डूबकर युवक की मौत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मांट।

ब्रज में श्रद्धा और भक्ति की बयार में मांट क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हुआ यूं कि गांव से राधारानी के मंदिर दर्शन करने पहुंचे युवक का मान सरोवर में स्नान करना भारी पड़ गया। गहरे पानी का उसे भान न था, साथ भी उसे बचा नहीं सके। डूबते युवक को बचाने जब तक तैराक पहुंचते, तब तक देर हो चुकी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

गांव नंद नगरिया निवासी 20 वर्षीय यशपाल पुत्र साहब राधारानी मानसरोवर कुंड पहुंचे थे। इसी दौरान वह कुंड नहाने के दौरान डूब गए। साथ में आए युवक भी उसे बचा न सके। शोर मचाने पर तैराकों ने उसे मान सरोवर से युवक को बाहर निकाला। मांट थाना प्रभारी उमेश कुमार ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# गुरु पूर्णिमा पर जय गुरुदेव आश्रम में सिमटा लघु भारत



- नाम योग साधना मंदिर और सत्संग भवन में किया गुरु पूजन
- श्रद्धालुओं ने की सेवा, यातायात व्यवस्था संभाली और भंडारे लगाए

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

हाईवे स्थित जय गुरुदेव आश्रम में तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा सत्संग मेला में देश के कोने कोने से श्रद्धालु उमड़े। लाखों की संख्या में आए गुरु भक्तों को देखकर ऐसा लग रहा था मानो समूचा भारत आश्रम में सिमटा गया हो। यहां लघु भारत के दर्शन हो रहे थे। श्रद्धालुओं ने सेवादारी की, यातायात व्यवस्था संभाली और भंडारे लगाकर असंख्य लोगों को प्रसाद वितरण किया।

संस्थाध्यक्ष पूज्य पंकज जी महाराज ने नाम योग साधना मंदिर और सत्संग भवन में गुरु पूजा, ध्यान और आरती के साथ की। इस अवसर पर महाराज जी ने गुरु जी की तस्वीर पर चंदन टीका लगाया और आरती की। इसके बाद ध्यान लगाकर पूज्य गुरु जी का स्मरण किया। श्रद्धालुओं ने लाइनों में लग कर अपने गुरु से दया याचना मांगी। उन्होंने नामदान देकर बताया गया कि यह ह्यजयगुरुदेवह्व नाम का जहाज हमारे गुरु महाराज बाबा जयगुरुदेव ने लगाया है। दुनिया के जो जीव ह्यजयगुरुदेवह्व नाम का जाप करेंगे उनका भौतिक और आत्मिक कल्याण होगा।

इसके बाद महाराज जी ने लाखों श्रद्धालुओं को प्रवचन दिए और नामदान दिया। प्रवचन समापन के बाद गुरु भक्तों ने महाराज जी के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। आश्रम परिसर में दिनभर सैकड़ों भंडारे चलाए गए, जहां लाखों श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाया। बुधवार रात्रि में दर्जनों जोड़ों का दहेज रहित विवाह भी कराया जाएगा।

### साइकिल यात्रा निकालने का आह्वान

वार्षिक भंडारा कार्यक्रम से पहले सभी जिलों में शाकाहार - सदाचार, मद्यनिषेध के प्रचार के लिए बड़े स्तर पर जिलास्तरीय साइकिल यात्रा निकालने का आह्वान किया गया। विदित हो कि पूज्य पंकज जी महाराज 20 अगस्त को मीरजापुर जिले में 108 दिवसीय सत्संग भ्रमण पर निकलेंगे।

# गुरु के प्रति कृतज्ञता दर्शाने मठ, आश्रमों में उमड़ी शिष्यों की भीड़

## चहुंओर दिखा भीड़ का दबाव, आयोजित हुए भंडारे

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

ब्रज के मठ मंदिरों में बुधवार को गुरु पूजन के लिए शिष्यों की भीड उमड रही। आश्रम और मठों में कई दिन से इस पर्व के लिए तैयारियां चल रही थीं। शिष्यों का आगमन भी कई दिन पहले से शुरू हो गया था। रौनक तो थी लेकिन गुरु पूर्णिमा पर उल्लास अपने चरम पर पहुंच गया। गोकुल, वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव, दाउजी, मथुरा आदि धार्मिक स्थलों पर भीड़ उमड़ती रही। ब्रजवासी आगंतुक श्रद्धालुओं की सेवा में कभी कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं।

### संत प्रेमानंद के लिए भक्तों ने बिछा दिए फूल

वृंदावन में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर बुधवार को बेलवन आश्रम में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातःकाल संत प्रेमानंद महाराज ने अपने दीक्षित परिकरों से स्नेहपूर्वक मुलाकात कर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। संत प्रेमानंद महाराज के आगमन पर दीक्षित परिकरों ने उनके स्वागत में मार्ग पर फूलों की चादर बिछा दी। पूरा वातावरण जयकारों, भजन-कीर्तन और गुरु वंदना से भक्तिमय हो उठा। गुरु के दर्शन करते ही श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और उनके चरणों में नमन कर जीवन में आध्यात्मिक उन्नति का आशीर्वाद प्राप्त किया।



### साध्वी ऋतंभरा ने गुरु परम्परा की चरण पादुकाओं का पूजन किया


वात्सल्य ग्राम में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर वात्सल्य मूर्ति साध्वी ऋतंभरा ने गुरु परम्परा की चरण पादुकाओं का पूजन किया। दीदी माँ जी के साधु एवं साध्वी शिष्यों ने गुरु चरण पूजन कर आरती की। साध्वी ऋतंभरा ने देश विदेश से आये सैकड़ों शिष्यों एवं साधकों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट कर ने का पर्व है क्यों कि जहाँ कृतज्ञता होती है वहाँ शिकायत नहीं होती। सतगुरु हमारे बन्धनों को काटते है। इस अवसर पर समविद की बेटियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से गुरु महिमा का वर्णन किया। इस अवसर पर संजय गुप्ता, स्वामी सत्य शील, साध्वी सुहृदया, साध्वी सत्य प्रिया, साध्वी सत्य श्रुति, स्वामी सत्यश्रेय, स्वामी सत्यश्रवा आदि उपस्थित रहे।

# पापों से मुक्ति को करें मानसी गंगा में स्नान

हरी मोहन रावत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा। ब्रज सारे संसार में अनूठा ऐसे ही नहीं है। यहां की माटी एवं हर लता पताएं भी पौराणिक महत्व एवं अलौकिकता से भरी हुई हैं। गोवर्धन में लगने वाला मुड़िया पूर्णिमा मेला उनमें से एक है। इसके बाद मथुरा नगरी अजन्मे के जन्मोत्सव में भी लाखों लोगों की श्रद्धा सैलाब बनेगी। गोवर्धन में परिक्रमा के बाद मानसी गंगा स्नान करना न भूलें। द्वापर युग से चली आ रही मान्यताओं में कहा गया है मानसी गंगा में जिसने डुबकी लगा ली वह पापों से मुक्त हो गया।

गिरि पर्वत की परिक्रमा में अनेक मंदिर जैसे श्री राधाबल्लभ मन्दिर, श्री नरसिंह, श्री श्यामसुन्दर, श्री बिहारी जी, श्री लक्ष्मीनारायण, श्री नाथ जी, श्री नन्दबाबा का मन्दिर, श्री राधारमण, नूतन मन्दिर, श्री अद्वैतदास बाबा का भजन कुटीर, श्री तीन कौड़ी बाबा का आश्रम, सिद्धबाबा का भजन कुटीर, श्री राधागोविन्द मन्दिर, भागवत भजन, श्री चकलेश्वर महादेव, महाप्रभु मन्दिर,



राजकुण्ड, झूलन क्रीड़ा स्थान, सिद्ध श्री हनुमान मन्दिर इत्यादि दर्शनीय हैं।

छोटी एवं बड़ी परिक्रमा के मध्य स्थित मानसी गंगा के उद्गम की तीन कथाएं ब्रज में प्रचलित हैं। इसमें पहली यह कि योगेश्वर श्रीकृष्ण ने गोपियों के कहने पर वृष हत्या के पाप से मुक्त होने के लिये अपने मन से इसे प्रकट किया तथा इसमें स्नान कर पाप मुक्त हुए। मन से प्रकट हुई इसलिए इन्हें मानसी गंगा के नाम से पुकारा जाने लगा।

वहीं दूसरी प्रचलित मान्यताओं में नन्दबाबा और यशोदा मैया ब्रजवासियों के साथ गंगा स्नान के लिए सामूहिक रूप से निकल पड़े। बरसाना एवं नंदगांव से चलकर ये यात्रियों ने गोवर्धन में विश्राम के लिए ठहरे। श्री कृष्ण के मन में विचार आया कि जब

- गोवर्धन स्थित मानसी गंगा घाटों का निर्माण जयपुर नरेश मानसिंह के पिता भगवानदास ने कराया था

सभी तीर्थ ब्रज में विद्यमान है तो फिर गंगा स्नान के लिए इतना दूर जाना क्यों। बताते हैं कि कन्हैया ने भागीरथी गंगा का स्मरण किया और स्मरण करते ही गंगा प्रकट हो गई। लोगों ने स्नान कर दीनदान किया।

तीसरी मान्यता के अनुसार श्रीकृष्ण की पटरानी यमुना जी ने अपनी बड़ी बहिन गंगा के ऊपर कृपा करने के लिये कृष्ण से प्रार्थना की। कृष्ण ने यमुना की प्रार्थना सुनकर उसी समय गंगा का आह्वान किया और गोपियों के साथ जल विहार कर उन्हें कृतार्थ किया।

जैसी जिसकी भावना वैसा ही फल भक्तों को मिल जाता है। यहां यह भी बताना जरूरी है कि ब्रज के विकास में राजस्थान प्रदेश के प्रतापी राजाओं का भरपूर सहयोग रहा है। मंदिरों का पुर्नरोद्धार के साथ-साथ मानसी गंगा के सभी घाटों का निर्माण भी जयपुर नरेश मानसिंह के पिता राजा भगवानदास ने कराया था।



# गुरु दीक्षा समारोह आयोजित, गुरु के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, चौमुहाँ।

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नारायणदास महाराज की गद्दी पर विराजमान पंडित हेमंत शर्मा के सानिध्य में गुरु दीक्षा एवं गुरु पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया और गुरु दीक्षा ग्रहण की। पंडित हेमंत शर्मा ने शिष्यों को गुरु दीक्षा प्रदान करते हुए कहा कि गुरु केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा दिखाने वाले पथप्रदर्शक होते हैं। गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही व्यक्ति आध्यात्मिक उन्नति के साथ-साथ जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति का ऐसा पर्व है, जो गुरु और शिष्य के अटूट संबंध को मजबूत करता है। यह दिन अपने गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण और कृतज्ञता व्यक्त करने का सर्वोत्तम अवसर है। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने गुरु पूजन कर आशीर्वाद लिया। भजन-कीर्तन एवं धार्मिक प्रवचनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजन में लाखन शर्मा, प्रेमचंद शर्मा, हरि नारायण शर्मा, राम नारायण तिवारी, धर्मवीर शर्मा, प्रकाश नारद, लाखन सिंह, शिवराम, गिर्राज सिंह एवं जस्सो सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# संरक्षित वन भूमि से अवैध बैनर-पोस्टर हटाए

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



सिविल लाइंस क्षेत्र में टैंक चौराहे से औरंगाबाद मार्ग स्थित संरक्षित वन भूमि पर अवैध रूप से लगाए गए बैनर एवं पोस्टरों को वन विभाग ने अतिक्रमण मानते हुए हटाने की कार्रवाई की। अभियान के दौरान सभी अवैध बैनर-पोस्टर तत्काल मौके से उखाड़कर हटा दिए गए। क्षेत्रीय वन अधिकारी अतुल तिवारी ने बताया कि जिन व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से बैनर-पोस्टर लगाकर संरक्षित वन भूमि पर अतिक्रमण का प्रयास किया गया है, उन्हें चिन्हित कर भारतीय वन अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, शासकीय अतिक्रमण हटाओ अभियान में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों को भी चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गोपीनाथ बाजार में दुकान का छज्जा गिरा, राहगीर का फटा सिर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- वृंदावन में दुकानदारों और राहगीरों में मची अफरा-तफरी

वृंदावन के गोपीनाथ बाजार स्थित भारती मिठाई की दुकान की ऊपरी मंजिल का छज्जा गिरने से बुधवार सुबह एक राहगीर घायल हो गया। सिर में चोट लगने पर स्थानीय लोग लहूलुहान युवक को निकट में उपचार के लिए ले गए।

गोपीनाथ बाजार स्थित भारती मिठाई की दुकान पर सुबह नाश्ता और मिठाई लेने वालों का आवागमन हो रहा था। तभी दुकान के ऊपर बनी पहली मंजिल के छज्जे पर लगी लोहे के जाल को बंदर ने जोर से हिला दिया। इससे छज्जे पर लगी जर्जर टाइल्स और पत्थरों की लटकन टूट कर गिर पड़ी। तभी मिठाई की दुकान के आगे से गुजर रहे विवेक दुकान पर कार्य करने वाले गौरानगर निवासी भोला के सिर पर पत्थर का एक टुकड़ा गिर गया। इससे भोला का सिर फट गया। खून निकलने लगा।

वहां मौजूद एक युवक घायल भोला को लेकर निकट में ही मेडिकल की दुकान पर लेकर पहुंचा और उसका उपचार कराया। नगर निगम के अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक ने बताया कि टीम भेजकर मामले की जांच कराई जाएगी।

# प्रियाकान्त जू मंदिर पर हजारों शिष्यों ने मनायी गुरू पूर्णिमा

- युवा संस्कार बचायें, तभी बचेगी संस्कृति - देवकीनंदन महाराज
- जेन-जी ने मजबूती से अपनी बात रखी, लेकिन भाषा में मयार्दा भी याद रखें

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, वृन्दावन।



ठा0 श्री प्रियाकान्त जू मंदिर पर बुधवार को हजारों शिष्यों ने धर्मगुरू देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज का पूजन कर प्राचीन गुरू-शिष्य परम्परा का निर्वहन किया । देवकीनंदन महाराज ने विभिन्न स्थानों से आये शिष्यों को नशामुक्त सात्विक जीवन जीने एवं धमार्नुसार सद् आचरण करने का उपदेश दिया । देर सांय तक गुरू पूजन का क्रम चलता रहा ।

बुधवार को छटीकरा मार्ग स्थित प्रियाकान्तजु मंदिर के शांति सेवा सभागृह में गुरूपुर्णिमा महोत्सव मनाया गया । प्रातः काल से ही हजारों की संख्या में शिष्य गुरूपूजन के लिये कतारों में लग गये । देवकीनंदन महाराज के मंदिर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात गुरू पूजन एवं आर्शीवचन कार्यक्रम आयोजित हुआ ।

शिष्यों को सात्विक जीवनशैली का उपदेश करते हुये देवकीनंदन महाराज ने कहा कि धर्म के बताये मार्ग पर चल कर अपने लोक और परलोक को सुधारना चाहिये । जेन जी के युवाओं को सम्बोधित करते हुये उन्होने कहा कि यह अच्छा है कि हम अपनी बात को पूरी मजबूती से आगे रख सकें हैं। लेकिन हमें अपनी भाषा और मयार्दा का भी ज्ञान होना चाहिये । उन्होने कहा कि अगर हमारे बच्चों में संस्कार बचेंगे तो ही सनातन बचेगा । गुरू पूजन पश्चात सभी शिष्यों ने गुरू प्रसादी ग्रहण की । सांयकाल मंदिर पर पुर्णिमा संकीर्तन में भजनों का आनंद लिया ।

# अत्यधिक कम बोली लगाने वालों से अतिरिक्त प्रदर्शन की गारंटी ली जाए

## एमईएस ठेकेदारों ने उठाईं नौ प्रमुख मांगें, समस्याओं के समाधान को सौंपा ज्ञापन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की मथुरा शाखा ने सैन्य अभियंत्रण सेवा एमईएस से जुड़े ठेकेदारों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बुधवार को मुख्य अभियंता हेडक्वार्टर कमांडर वर्क्स इंजीनियर मथुरा को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि लंबे समय से लंबित मुद्दों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में ठेकेदार समुदाय के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है।

ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष 2025-2032 के लिए बड़ी संख्या में पहले से पंजीकृत ठेकेदारों की एनलिस्टमेंट का अब तक नवीनीकरण नहीं किया गया है, जिससे उन्हें नए कार्यों में भाग लेने में कठिनाई हो रही है। एसोसिएशन ने मांग की कि वर्ष 2010 के बाद से सभी श्रेणियों के ठेकेदारों की वित्तीय सीमाओं में कोई वृद्धि नहीं हुई है, जबकि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए इन सीमाओं का पुनरीक्षण आवश्यक है।

साथ ही ई-श्रेणी के ठेकेदारों को 50 लाख रुपये तक के कार्यों में निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति पूर्व व्यवस्था के अनुसार बहाल करने की मांग भी की गई। ज्ञापन में कार्य पूर्ण होने के तुरंत बाद 100 प्रतिशत परफॉर्मेंस सिक्योरिटी वापस करने, ईएमबी प्रणाली में व्याप्त तकनीकी खामियों को दूर कर भुगतान में हो रही देरी समाप्त करने तथा सीपीडब्ल्यूडी और भारतीय रेलवे की तर्ज पर मूल्य वृद्धि (प्राइस एस्केलेशन) के प्रावधान लागू करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

एसोसिएशन ने यह भी कहा कि निविदाओं के अनुमोदन में अत्यधिक समय लगने से छोटे ठेकेदारों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में असामान्य रूप से कम दरों पर ठेके दिए जाने पर भी चिंता जताई गई। एसोसिएशन ने मांग की कि निर्धारित दरों से अत्यधिक कम बोली लगाने वाले ठेकेदारों से अतिरिक्त प्रदर्शन गारंटी ली जाए तथा ऐसे मामलों में तीसरे पक्ष से कार्यों का सख्त निरीक्षण कराया जाए, ताकि सरकारी धन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

ज्ञापन चेयरमेन राजेन्द्र सिंह यादव सचिव तरुण मंगला सहित दर्जनों एमईएस ठेकेदार मौजूद थे।

# रंगनाथ मंदिर में गज-ग्राह लीला का मंचन

वृंदावन। धार्मिक नगरी के प्रसिद्ध रंगनाथ मंदिर में बुधवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पौराणिक गज-ग्राह लीला का भव्य मंचन किया गया।परंपरानुसार, गर्भगृह से स्वर्ण निर्मित गरुड़ वाहन पर सवार सुदर्शन चक्रधारी भगवान रंगनाथ की सवारी पूर्वी द्वार स्थित पुष्करिणी सरोवर पहुंची। सेवायतों द्वारा वैदिक पाठ के बाद प्रतीकात्मक लीला शुरू हुई, जिसमें जलाशय में मगरमच्छ द्वारा पकड़े गए। हाथी की करुण पुकार पर भगवान ने बिना चरण पादुका पहने आकर सुदर्शन चक्र से ग्राह का वध किया और उसे मोक्ष प्रदान किया। लगभग आधे घंटे चली इस लीला के बाद कुंभ आरती की गई और भगवान की सवारी पुनः गर्भगृह पहुंची। मंदिर के अनुज स्वामी ने बताया कि मंदिर के स्थापना काल से चली आ रही यह पौराणिक लीला दर्शाती है कि भगवान किस तरह अपने भक्त की रक्षा के लिए दौड़े चले आते हैं।

# कैबिनेट मंत्री ने परिजनों सहित किया गुरु पूजन



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी आज गुरुपूर्णिमा पर जयसिंहपुरा स्थित श्री राधेबाबा गोलोकधाम में गुरु दर्शन को पहुंचे। यहां पर पार्षद राकेश भाटिया ने अगवानी की। कैबिनेट मंत्री ने अपने सुपुत्र दिव्यांश चौधरी, नाती पार्थ नारायण चौधरी के संग गुरु पूजन किया और महंत 1008 कन्हैया दास महराज से आशीर्वाद लिया। साधु संतों एवं गुरु भाइयों के संग कैबिनेट मंत्री ने काफी वक्त बिताया। इस मौके पर मनोज फौजदार, राजवीर सिंह, अखिलेश मिश्रा पिंटू, नंदलाल, श्रीकृष्ण शर्मा, सनी ठाकुर, सौरभ, अर्जुन, अशोक बघेल आदि शिष्यों की गुरुस्थान पर दर्शन के लिए भक्तों की कतार लगी दिखी।

# .........गुरु से बड़ा इस संसार में कोई दूसरा महापुरुष नही

ऋषीकान्त दुबे


सुभाषचंद्र यादव


तेज प्रताप यादव


धर्मवीर राही


नीतिन चतुर्वेदी


सोवरन सिंह यादव

**करहल।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर गुरुजनों का सम्मान किया गया। समाजसेवियों और समाजवादी पार्टी के नेताओं ने अपने-अपने गुरुओं को नमन करते हुए कहा कि गुरु ही व्यक्ति के जीवन को सही दिशा देते हैं। उनका कहना था कि गुरु के ज्ञान और संस्कारों से ही समाज का निर्माण होता है।

पूर्व विधायक सोवरन सिंह यादव ने कहा कि गुरु से बड़ा इस संसार में कोई दूसरा व्यक्ति नहीं है। माता-पिता जन्म देते हैं, लेकिन गुरु जीवन जीने की सही राह दिखाते हैं। गुरु का सम्मान करना हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है।

करहल विधायक तेज प्रताप यादव ने कहा कि गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि जीवन के हर कठिन मोड़ पर सही निर्णय लेने की प्रेरणा भी देते हैं। गुरु का आशीर्वाद व्यक्ति को सफलता के शिखर तक पहुंचाता है।

पूर्व मंत्री व पूर्व एमएलसी सुभाषचंद्र यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान से भी ऊंचा स्थान दिया गया है। गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज और राष्ट्र का विकास संभव है।

समाजसेवी नीतिन चतुर्वेदी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा हमें अपने शिक्षकों और मार्गदर्शकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देती है। हमें जीवनभर गुरु के आदर्शों का पालन करना चाहिए।

सम्बेदना फाउंडेशन के अध्यक्ष धर्मवीर रही ने कहा कि गुरु ज्ञान, संस्कार और अनुशासन का प्रतीक होते हैं। उनका सम्मान करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। गुरु के बिना जीवन अधूरा है और उनके मार्गदर्शन से ही व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सभी वक्ताओं ने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए युवाओं से शिक्षा, संस्कार और अनुशासन के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

# विश्व शांति की कामना के साथ सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन, निकली भव्य शोभायात्रा

टीएनएफ टुडे, करहल।



नगर के जैन भवन नसिया जी में आयोजित नौ दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान का बुधवार को धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ समापन हो गया। अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने विश्व शांति, अहिंसा, त्याग और मानव कल्याण की कामना करते हुए हवन में आहुतियां अर्पित कीं।

समापन अवसर पर निकली भगवान श्रीजी की भव्य शोभायात्रा का नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्रीजी के अभिषेक एवं शांतिधारा से हुई। इस दौरान सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य पंकज जैन एवं शुभ जैन को प्राप्त हुआ।

ब्रह्मचारी तरुण भैया जी के सानिध्य में सभी धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न कराए गए। इसके उपरांत आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया तथा गुरु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

विधान की अंतिम क्रिया के रूप में ब्रह्मचारी तरुण भैया जी के निर्देशन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने पूणाहुति देकर विश्व में शांति, सद्भाव, अहिंसा और समस्त जीवों के कल्याण की प्रार्थना की। पूरे जैन भवन परिसर में धार्मिक वातावरण और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। हवन के बाद भगवान श्रीजी को सुसज्जित पौराणिक रथ पर विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा जैन भवन नसिया जी से प्रारंभ होकर सदर बाजार, सब्जी मंडी, पेट्रोल पंप सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः जैन भवन पहुंचकर संपन्न हुई। केसरिया परिधान धारण किए श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और धार्मिक जयघोष के बीच भगवान श्रीजी का रथ खींचते हुए चल रहे थे। नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया तथा दीप प्रज्वलित कर भगवान की आरती उतारी।

समापन समारोह में मनोज पटवारी, हिमांशु जैन, अमित शास्त्री, आलोक बकेवरिया, शोभित जैन, राहुल अहिंसा, सचिन बजाज, अंशुल मेडिकल, सोनी जैन, कंचन जैन, सारिका जैन, रूपल जैन, लवली जैन, सोनाली जैन, रईस जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु एवं नगरवासी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग ने कांवड यात्रा के मद्देनजर लगाया शिविर

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

- जिलेभर में पूरे सावन मास संचालित रहेंगे आठो शिविर
- चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की लगाई गई ड्यूटी

सावन मास में कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं सुरक्षित संपन्न कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। विभाग द्वारा जिले नलने आठ अस्थाई स्वास्थ्य शिविर स्थापित किए हैं। जो पूरे सावन मास संचालित रहेंगे। चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई हैं।

सीएमओ डॉ. अजय कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्रियों को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पूरे जनपद में आठ स्वास्थ्य शिविर स्थापित की गई हैं। प्रत्येक स्वास्थ्य शिविर पर प्रशिक्षित चिकित्सकीय टीम, आवश्यक दवाइयां तथा प्राथमिक उपचार की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा प्रत्येक शिविर पर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीज को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके। सीएमओ ने बताया कि कादरगंज क्षेत्र में दो अतिरिक्त एंबुलेंस तैनात की गई हैं, जिससे अधिक भीड़ वाले क्षेत्रों में भी त्वरित चिकित्सा सहायता मिल सके।

सीएमओ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी 24 घंटे निगरानी बनाए हुए हैं तथा कांवड़ मार्गों पर लगातार स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की जा रही है। सीएमओ डॉ. अजय कुमार ने यह भी बताया कि जनपद के निजी अस्पतालों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। आवश्यकता पड़ने पर निजी अस्पताल भी श्रद्धालुओं को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्री जनपद के सम्मानित अतिथि हैं और उनकी सेवा करना प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

सीएमओ ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी श्रद्धालु को उपचार में किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्वास्थ्य विभाग पूरी तत्परता और समर्पण के साथ कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा में लगा हुआ है, ताकि यात्रा सुरक्षित, व्यवस्थित और सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

## पड़ोसी से हुए विवाद में वृद्ध दंपती पर लाठी-डंडों से हमला, दोनों घायल

**फिरोजाबाद।** मेहताब नगर में मंगलवार रात पड़ोसी से हुए विवाद में एक वृद्ध दंपती पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। मारपीट में दोनों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों को सरकारी ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया है।

थाना लाइनपार क्षेत्र के मेहताब नगर निवासी 64 वर्षीय किशोरी लाल पुत्र बनवारी लाल और उनकी 60 वर्षीय पत्नी बेबी के साथ उनके पड़ोसी विजेंदर राठौर ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोप है कि विजेंदर ने लाठी-डंडों से दोनों पर हमला कर दिया। हमले में वृद्ध दंपती के सिर फट गए और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना लाइनपार पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सरकारी ट्रॉमा सेंटर भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी रमित कुमार आर्य ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली, तमंचा बरामद

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।



थाना नारखी क्षेत्र में नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है।

पुलिस के अनुसार, 27 जुलाई को थाना नारखी में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ पड़ोसी वीरेश उर्फ वीरा ने छेड़छाड़ की। तहरीर के आधार पर थाना नारखी में मुकदमा संख्या 308/2026 के तहत बीएनएस की धारा 74 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 9ट/10 में मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो पुलिस टीमों का गठन किया गया। 28 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी बेंदी की पुलिया के पास भागने की फिराक में है। पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोप है कि उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी और उसे मौके से दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वीरेश उर्फ वीरा पुत्र ग्याप्रसाद उर्फ कलोदी, निवासी नयावांस, थाना नारखी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम सहित आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की आगे की विवेचना जारी है।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से बदली मनीष कुमार की तकदीर, 'फैमिली ढाबा' बना आत्मनिर्भरता की पहचान

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।



उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना ने विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहे मनीष कुमार के जीवन को नई दिशा दी है। कम उम्र में माता–पिता का साया उठ जाने और परिवार का साथ छूटने के बाद भी मनीष ने हार नहीं मानी। आज वह अपना ह्यफैमिली ढाबाह्ण सफलतापूर्वक संचालित कर आत्मनिर्भर युवा उद्यमी के रूप में पहचान बना चुके हैं। वर्ष 2015 में पिता और 2016 में माता के निधन के बाद मनीष के सामने रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो गया। सीमित संसाधनों के बीच उन्होंने अपनी जमीन पर छोटा सा ढाबा शुरू किया, लेकिन फ्रिज, फ्रीजर और अन्य आवश्यक उपकरणों के अभाव में कारोबार आगे नहीं बढ़ पा रहा था। इसी दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत आवेदन किया और बैंक के माध्यम से ?5 लाख का ऋण प्राप्त हुआ। इस राशि से उन्होंने फ्रिज, डाइनिंग टेबल, कुर्सियां और नए बर्तन खरीदे। अब खाद्य सामग्री का सुरक्षित भंडारण संभव हो गया है और थोक में सामान खरीदने से लागत भी कम हुई है। बेहतर सुविधाओं के कारण ग्राहकों की संख्या और आय दोनों में वृद्धि हुई है। मनीष कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने उन्हें केवल आर्थिक सहायता ही नहीं, बल्कि सम्मानपूर्वक जीवन जीने और अपने पैरों पर खड़े होने का आत्मविश्वास भी दिया। उनकी सफलता आज संघर्ष कर रहे युवाओं के लिए प्रेरणा और स्वरोजगार का सशक्त उदाहरण बन गई है।

## पत्नी की हत्या के आरोपी बीएसएफ जवान को पुलिस ने भेजा जेल

टीएनएफ टुडे, करहल।



थाना करहल पुलिस ने पत्नी की हत्या के मामले में गिरफ्तार बीएसएफ जवान को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। आरोपी पर कुछ दिन पूर्व आपसी विवाद के बाद अपनी पत्नी की फावड़े से हमला कर हत्या करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना मिलने के बाद तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए और परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना करहल पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष प्रदीप पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। टीम में शिव कुमार गौतम, राहुल देव, रोहित शर्मा तथा शिवकुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एआटीओ ने स्कूली बच्चों को ढो रही अनफिट ईको की सीज, 32 वाहनों के कांटे चालान

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।

उपसंभागीय परिवहन अधिकारी ने बुधवार सुबह सात बजे से अभियान चलाया। इस दौरान जलेसर रोड पर एक टैक्सी परमिट ईको गाड़ी स्कूली बच्चों को ढोते हुए दिखी। जांच में जानकारी हुई कि गाड़ी की फिटनेस खत्म होने के साथ टैक्स भी बकाया। मौके पर उसे सीज कर जब्त कर लिया। इसके अलावा 32 वाहनों के चालान भी किए गए हैं। साथ ही गोपाल आश्रम स्थित आटो पार्ट्स की दुकानों का निरीक्षण कर हिदायत दी कि मोडिफाइड उपकरण बेचने और वाहनों पर फिट कराने पर कार्रवाई की जाएगी।

एआरटीओ प्रेम सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान जलेसर रोड पर कुछ स्कूल बच्चे एक ईको गाड़ी में ले जाते हुए नजर आए थे। उसे रुकवाकर दस्तावेज चेक किए, तो टैक्स बकाया होने के साथ फिटनेस भी समाप्त हो चुकी थी। गाड़ी को सीज करने के बाद बच्चों को स्कूल छुड़वा दिया था। इसके अलावा गोपाल स्थित स्थित आटो पार्ट्स की दुकानों का निरीक्षण किया गया। यहां दुकानदारों को मोडिफाइड उपकरण न बेचने और कारीगरों को ऐसे उपकरण फिट न करने की हिदायत दी गई है। इसके अलावा मोडिफाइड, मालवाहक ओवरलोड, रांग साइड, मोबाइल पर बात करने पर, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, बिना रिफलेक्टर पर 32 वाहनों के चालान किए गए।

# मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न



टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।

कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम बदन राम, सीएमएस नवीन जैन, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और सभी एमओआईसी ने प्रतिभाग किया।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए निम्नलिखित कड़े निर्देश जारी किए।

जननी सुरक्षा योजना के तहत किसी भी पात्र लाभार्थी का भुगतान अटकना नहीं चाहिए। बैठक में यह बात सामने आई कि कई स्थानों पर आशाओं का भुगतान समय पर नहीं हो पा रहा है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी

जताते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त चेतावनी जारी की कि यदि भुगतान में विलंब हुआ, तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

योजना की समीक्षा के दौरान कोटला और नारखी के एमओआईसी क्षेत्र में सबसे ज्यादा आवेदन लंबित पाए गए। इस पर सीडीओ ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द लंबित प्रकरणों के निस्तारण के आदेश दिए।

जनपद के सभी पात्र लाभार्थियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बनाए जाएं। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

संचारी रोग अभियान को निरंतर और प्रभावी ढंग से चलाने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने कहा कि क्षेत्रों में लगातार दवा का छिड़काव और आवश्यक निरोधात्मक कार्य होते रहने चाहिए।

14 अगस्त से शुरू हो रहे राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के सुचारू व समुचित संचालन के लिए अभी से सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जन-स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी योजना में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खेत में हाईटेंशन लाइन से करंट लगने से युवक की मौत

**फिरोजाबाद।** दोस्त की मदद के लिए खेत पर पहुंचे युवक को झटका मशीन का तार ऊंचा करते समय हाईटेंशन लाइन से करंट लग गया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे से युवक के घर में मातम छा गया।

थाना नारखी के गांव रैमजा निवासी 18 वर्षीय कुम्मी कश्यप मंगलवार शाम दोस्त संतोष तिवारी के खेत पर गए थे। भाई अतुल कुमार ने बताया कि कुम्मी झटका मशीन के तार ऊंचा करने में दोस्त की मदद करने लगे। इसी बीच झटका मशीन का तार वहां से गुजरी हाईटेंशन लाइन से छू गया। इससे कुम्मी को करंट लगा और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन उन्हें टूंडला के एफएस मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे, वहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

थानाध्यक्ष राकेश कुमार गिरी ने बताया कि करंट लगने से युवक की मौत हुई है। किसी तरह का आरोप-प्रत्यारोप नहीं है।

## दहेज उत्पीड़न मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, बसई मोहम्मदपुर पुलिस की कार्रवाई



टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपदभर में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बसई मोहम्मदपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस टीम ने दहेज उत्पीड़न से जुड़े एक मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, थाना बसई मोहम्मदपुर में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 102/2026, धारा 80, 85, 115(2), 351(2), 352 बीएनएस तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत वांछित आरोपी शिवकुमार पुत्र छोटेलाल, निवासी ग्राम शंकरपुर, थाना बसई मोहम्मदपुर, को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कृष्ण स्वरूप पाल, उपनिरीक्षक अरुण कुमार तथा कांस्टेबल परमवीर सिंह शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि वांछित अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# 2027 सपा के लिए अलार्म, मैनपुरी की चारों सीटों पर खिलेगा कमल- प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव

## नवनिर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव का करहल में प्रथम आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत सत्कार

टीएनएफ टुडे, करहल।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव के पहली बार करहल आगमन पर भाजपा कार्यकताओं ने घिरोर चौराहे पर उनका जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष ने कार्यकताओं से संवाद करते हुए वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया और बूथ स्तर तक सक्रिय रहने का मंत्र दिया।

राजेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। पूरे प्रदेश में एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाया गया है, मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की गई है और नए एयरपोर्ट बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जाति, धर्म और मजहब की राजनीति नहीं करती, बल्कि सभी वर्गों को साथ लेकर विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रही है। योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक नागरिक के अधिकार सुरक्षित हैं और किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं हो रहा है।

प्रदेश उपाध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों में लोगों के साथ भेदभाव किया जाता था, जबकि भाजपा सरकार में प्रदेश में अमन, चैन और सुशासन का माहौल है। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व भाजपा द्वारा प्रत्येक बूथ पर मनाया जा रहा है, जिससे कार्यकताओं में संगठन के प्रति नई ऊर्जा का संचार हो रहा है।

राजेश यादव ने कहा कि प्रदेश उपाध्यक्ष बनने के बाद यह उनका पहला करहल दौरा है। यहां कार्यकताओं का उत्साह देखकर स्पष्ट हो रहा है कि वर्ष 2027 में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा मैनपुरी जिले की चारों विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी और यह समाजवादी पार्टी के लिए एक बड़ा अलार्म है।

संसद सत्र में सांसद डिंपल यादव के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि वह केवल दुष्प्रचार की राजनीति कर रही हैं। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने कार्यकताओं से केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

इस मौके पर कार्यक्रम में भाजपा के कार्यकर्ताओ ने फूल मालाओं से लादकर व पगडी पटका पहनाकर जोरदार स्वागत सत्कार किया है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, विमल पांडेय, प्रदीप तिवारी, सीमा चौहान, नीता धनगर, अरुण प्रताप सिंह चौहान, भूपेंद्र यादव, गौरब यादव, डॉ धीरज यादव, पिंटू यादव, उदयवीर कश्यप, मनोज यादव, हरिओम दुबे, नीरज यादव, रामवीर बाल्मीक, अनूप यादव, वंटी यादव, धर्मेन्द्र यादव समेत आदि तमामं लोग मौजूद रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर लाखों ने किया पतित पावनी में स्नान

- पूर्व संध्या से ही गंगा घाटों पर पहुंचने लगे थे श्रद्धालु
- हर हर गंगे के जय जय कार से गूंजते रहे गंगा के तट

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

गुरु पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर पुण्य लाभ कमाया, जरूरत मंदों को दान दिया ब्रह्मणों को भोजन कराया सुबह से लेकर शाम तक गंगा घाटों पर हर हर गंगे के जय जय कार के जय घोष गूंजते रहे। घाटों पर मेले जैसा दृश्य था।

गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या मंगलवार से ही जिले के कादर गंज घाट, लहरा घाट एवं जिले की सीमा से लगे जनपद बदायूं के कछला गंगा घाट पर स्नानार्थियों के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था प्रदेश के अलावा राजिस्थान, मध्यप्रदेश, सहित अन्य प्रदेशों से श्रद्धालु पूर्णिमा की सुबह तक गंगा घाटों पर पहुंच गए सूरज की पौ फटते ही घाटों पर हर हर गंगे के स्वर गूंज उठे स्नानार्थियों ने गंगा में डुबकी लगाई ओर सरी नारायण की अर्ध्य अर्पण किया। बालू से शिवलिंग बनाकर पूजा अर्चना की। तमाम श्रद्धालुयों ने गंगा मैया को चुनर उढ़ाई, जलाभिषेक किया।

देर शाम तक स्नान का क्रम जारी रहा। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने जरूरत मंदों को दान दिया, ब्रह्मणों और कुष्ट रोगियों को भोजन कराकर दक्षिणा दी। घाटों पर मेले जैसा दृश्य था।।



## चाक चौबंद थी सुरक्षा व्यवस्था


इन दिनों गंगा नदी का जल स्तर बढ़ा हुआ है गुरु पूर्णिमा पर गंगा घाट पर स्नान करने वाले श्रदालुओं की भीड़ थी किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी न हो इसके लिए व्यवस्थाएं चाक चौबंद की गई थी। घंटों पर फ्लड यूनिट के अलावा स्टीमर और ग्रामीण गोताखोरों को भी लगाया गया था।

## गुरु पूर्णिमा पर हुए कार्यक्रम

गुरु पूर्णिमा पर लोगों ने गुरु शिष्य की परंपरा का निर्वहन किया गुरुओं की पूजा की गई, अवास विकास कॉलोनी स्थित सरस्वती मंदिर पर मन मस्त सत्संग मंडल द्वारा गुरु पूजन कार्यक्रम किया गया। गुरु योगेश कुमार योग ने गुरु की महत्ता बताई, अनुयायियों द्वारा गुरु योगेश का पूजन किया गया। गुरु ने विश्व कल्याण के लिए प्रवचन किये, भाजपा द्वारा भी गुरु सम्मान कार्यक्रम किया गया। डीडू माहेश्वरी युवक मंडल द्वारा भी गुरुजनों को सम्मानित किया गया।

# ओडीओपी योजना से बदली विमला देवी की तकदीर, कांच के मोतियों के कारोबार को मिली नई उड़ान





टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।

उत्तर प्रदेश सरकार की 'एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी)' योजना ने शिकोहाबाद निवासी विमला देवी के जीवन को नई दिशा दी है। कभी आर्थिक तंगी और पूंजी के अभाव में संघर्ष कर रहा उनका कांच के मोतियों का गृह उद्योग आज सफलता की नई मिसाल बन चुका है।

विमला देवी का परिवार वर्षों से कांच के मोतियों के निर्माण से जुड़ा था, लेकिन पर्याप्त पूंजी न होने के कारण व्यवसाय आगे नहीं बढ़ पा रहा था। इसी दौरान उन्हें ओडीओपी योजना की जानकारी मिली। जिला प्रशासन के सहयोग से उन्हें ?8 लाख की वित्तीय सहायता एवं ऋण प्रोत्साहन मिला, जिससे उनका ठप पड़ा कारोबार दोबारा गति पकड़ सका आर्थिक सहायता मिलने के बाद पति-पत्नी ने मिलकर अपने उद्योग का विस्तार किया। विमला देवी उत्पादन की जिम्मेदारी संभालती हैं, जबकि उनके पति विपणन और बिक्री का कार्य देखते हैं। बढ़ती आय के कारण आज उनका परिवार आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर है और अपने तीनों बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा रहा है।

विमला देवी ने मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच और जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि सरकारी सहयोग के बिना उनका हुनर पहचान नहीं बना पाता। उन्होंने कहा कि ओडीओपी योजना छोटे दस्तकारों और उद्यमियों के लिए आत्मनिर्भर बनने का सशक्त माध्यम है। विमला देवी की सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि हुनर को सही नीति, वित्तीय सहयोग और प्रशासनिक मार्गदर्शन मिल जाए तो संघर्ष को सफलता में बदलने में देर नहीं लगती।

### अरबों के स्वास्थ्य बजट के बावजूद बदहाल व्यवस्था

# जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को नहीं मिल रही लेवल-2 अल्ट्रासाउंड की सुविधा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।




एक ओर उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पर वर्ष 2026-27 में ?53,326 करोड़ का बजट खर्च कर रही है। केंद्र सरकार भी प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना (खर), जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (खरउ) और प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (ढटरटअ) जैसी योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च कर गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का दावा करती है। लेकिन धरातल पर सरकारी दावों और वास्तविक व्यवस्था के बीच बड़ा अंतर दिखाई देता है।

इसकी एक तस्वीर फिरोजाबाद के जिला अस्पताल में देखने को मिली, जहां गर्भवती महिलाओं को इलाज से अधिक अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल पहुंचने वाली महिलाओं को कभी एक काउंटर तो कभी दूसरे काउंटर, कभी एक भवन तो कभी दूसरे भवन के चक्कर लगाने पड़ते हैं। घंटों लाइन में लगने के बाद जब चिकित्सक गर्भ में पल रहे शिशु के विकास की महत्वपूर्ण जांच लेवल-2 (अल्लड्रें'८/ळक्क्ञ्ञअ) अल्ट्रासाउंड लिख देते हैं, तो मरीज उम्मीद करता है कि यह जांच सरकारी अस्पताल में ही हो जाएगी।

लेकिन सबसे हैरान करने वाली बात तब सामने आती है, जब जांच कराने पहुंची गर्भवती महिला को बताया जाता है कि अस्पताल में लेवल-2 अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध ही नहीं है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मजबूर होकर निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों का रुख करना पड़ता है, जहां इस जांच के लिए हजारों रुपये खर्च करने पड़ते हैं।

सवाल यह है कि जब सरकार सुरक्षित मातृत्व और मातृ मृत्यु दर कम करने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च कर रही है, तो जिला अस्पताल जैसे प्रमुख सरकारी संस्थान में गर्भवती महिलाओं की आवश्यक जांच की व्यवस्था क्यों नहीं है? यदि यह सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो डॉक्टर द्वारा यह जांच लिखे जाने के बाद मरीजों के लिए वैकल्पिक सरकारी व्यवस्था या रेफरल सिस्टम कितना प्रभावी है?

जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और अस्पताल प्रशासन को इस गंभीर विषय पर जवाब देना होगा। आखिर प्रतिमाह लाखों रुपये वेतन पाने वाले जिम्मेदार अधिकारी और चिकित्सक यदि समय पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित नहीं कर पा रहे हैं, तो इसका खामियाजा गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को क्यों भुगतना पड़े?

यह सिर्फ एक जांच का मामला नहीं, बल्कि उन गर्भवती महिलाओं के अधिकार का प्रश्न है, जिन्हें सरकार सुरक्षित मातृत्व का भरोसा देती है। यदि जिला अस्पताल में वास्तव में लेवल-2 (ळक्क्ञ्ञअ) अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो स्वास्थ्य विभाग को तत्काल इसकी व्यवस्था करनी चाहिए या फिर मरीजों के लिए किसी अन्य सरकारी संस्थान में निःशुल्क जांच सुनिश्चित करनी चाहिए।



# गंगा में स्नान करते समय युवक डूबा, लापता

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

बुधवार को पटियाली क्षेत्र में अमावस्या को गंगा घाट पर स्नान के लिए गया एक 27वर्षीय युवक स्नान करते समय गहरे पानी डूबकर लापता हो गया । युवक की लताश के लिए फ्लड यूनिट के जवान और ग्रामीण गोताखोरों जूते हुए हैं। पटियाली के थाना सिकंदरपुर वेश्य के गांव नगला गुलाबी निवासी महाराज सिंह का 27वर्षीय पुत्र गंगा स्नान के लिए थाना क्षेत्र में वह रही गंगा नदी के भकुरी घाट पर स्नान करने गया था जब वह गंगा में स्नान कर रहा था तभी वह गहरे पानी में चला गया और नियंत्रण खो जाने से पानी में डूबने लग वह बचाव के लिए चिल्लाया घाट पर मौजूद लोग कुछ समझ पाते तब तक वह गहरे पानी में डूबकर लापता हो गया। घटना की जानकारी पुलिस और परिजनों को मिली सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गए। युवक की तलाश के लिए फ्लड यूनिट एवं ग्रामीण गोताखोरों को गंगा में उतारा गया। प्रयास के बाद भी समाचार लिखे जाने तक युवक को तलाश नहीं जा सका है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# श्री जगन्नाथ जी महाराज मंदिर में हुआ वैदिक पूजा एवं अनुष्ठान



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

तीर्थ सोरों शूकर क्षेत्र में स्थित श्री जगन्नाथ जी मंदिर, निकट गंगाजी घाट पर स्थित में भगवान श्री जगन्नाथ जी महाराज की पावन सवारी के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विशेष वैदिक पूजा, अभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न कराया गया। श्री जगन्नाथ जी मंदिर के पुजारी पंडित प्रवीण कुमार निर्भय ने वैदिक विधि-विधान से भगवान श्री जगन्नाथ जी, भगवान बलभद्र जी एवं माता सुभद्रा जी का पूजन-अर्चन एवं विशेष अनुष्ठान संपन्न कराया तथा राष्ट्र, समाज, सनातन धर्म और समस्त श्रद्धालुओं के सुख, शांति, समृद्धि एवं मंगल की कामना की। इस पावन अवसर पर प्रधान राम नरेश, पंडित प्रवीण कुमार निर्भय, बृजेश पाठक, अतुल मिश्रा, हरिओम, राहुल उपाध्याय, आदित्य रावत, निशांत निर्भय, आयुष रावत, प्रथम शर्मा, जतिन वशिष्ठ एवं कृष्ण निर्भय सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत श्री जगन्नाथ जी मंदिर के पुजारी पंडित प्रवीण कुमार निर्भय द्वारा समस्त श्रद्धालुओं एवं उपस्थित भक्तों को भगवान श्री जगन्नाथ जी महाराज का पावन प्रसाद वितरित किया गया, जिसे सभी ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया।

# थाना जैथरा पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध असलहा कारतूस सहित किया गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा डॉ. इलामारन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्वेताभ पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में थाना जैथरा पुलिस द्वारा अभियुक्त भूरा उर्फ जितेन्द्र पुत्र भगवान सिंह निवासी परौली सुहागपुर थाना जैथरा जनपद एटा को एक अवैध तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त को थाना जैथरा पर मुअसं. 258/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार किए गये अभियुक्त भूरा के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए हैं।

# यूपी. मा.शि. संघ के प्रांतीय आह्वान पर 30 जुलाई को शिक्षक एकजुटता का महाआह्वान

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

- जिला विद्यालय निरीक्षक एटा कार्यालय पर होगा एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने ऐलान किया है कि 30 जुलाई को शिक्षक महा अभियान के अंतर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

संघ का कहना है कि अब समय केवल प्रतीक्षा का नहीं, बल्कि अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करने का है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के आह्वान पर 30 जुलाई 2026 प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों पर 25 सूत्रीय मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा।

संघ के नेताओं ने अपनी प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली, सेवा सुरक्षा की पुनर्स्थापना, माध्यमिक शिक्षा का राजकीयकरण, वित्तविहीन शिक्षकों के लिए सम्मानजनक मानदेय की व्यवस्था, मदरसा शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा, दोनों तरफ से ठडउ रहित स्थानांतरण नीति तथा शिक्षकों की लंबित समस्याओं का त्वरित समाधान जैसे मुद्दे शामिल किए हैं।

यह भी कहा है कि

यह आंदोलन किसी एक संगठन का नहीं, बल्कि प्रदेश के प्रत्येक शिक्षक के सम्मान, अधिकार और भविष्य का आंदोलन है। यदि आज हम संगठित नहीं होंगे, तो हमारी समस्याएँ और अधिक जटिल होती जाएँगी। इसलिए आइए, संगठन की ताकत बनें और अपने अधिकारों की लड़ाई को निर्णायक मुकाम तक पहुँचाएँ।

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएम

## सीएमआईएस परियोजनाओं की समीक्षा, समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

- निर्धारित अवधि में परियोजनाएं पूर्ण कर विभागों को करें हस्तांतरित : अरविन्द सिंह

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।



जनपद में संचालित निर्माण परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अरविन्द सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएमआईएस (उटक्र) के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एक करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति का विभागवार परीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता रहे तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा मानकों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाएं निर्धारित समयावधि में परियोजनाओं को शासन के गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण करें। यदि किसी परियोजना में शासन स्तर पर कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो संबंधित विभाग के प्रमुख सचिव को तत्काल पत्र प्रेषित कर समस्या का समाधान कराया जाए, जिससे परियोजनाओं को समय पर पूर्ण कर संबंधित विभागों को हस्तांतरित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधोमानक निर्माण अथवा अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्था एवं ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

समीक्षा बैठक में राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, उत्तर प्रदेश जल निगम (अर्बन एवं रूरल), उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड, उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद, यू.पी. सिडको, सी एंड डी एस, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, मंडी परिषद, उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड (यूपीआरएनएसएस), उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड तथा ग्रामीण अभियंत्रण सेवा द्वारा संचालित निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग नियमित रूप से निर्माण स्थलों का निरीक्षण करें, साइट रजिस्टर अद्यतन रखा जाए तथा अधिशासी अभियंता एवं अवर अभियंता नियमित रूप से कार्यस्थल पर उपस्थित रहकर गुणवत्ता की निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता बनाए रखना प्रत्येक कार्यदायी संस्था की जिम्मेदारी है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रदीप कुमार, एडीएसटीओ डॉ. उपेंद्र कुमार, डॉ. मुनीश कुमार, वरिष्ठ सहायक श्रवण कुमार, समस्त कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसपी ने कोतवाली पटियाली का किया आकस्मिक निरीक्षण

## अधीनस्थों को कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने रखने के दिये निर्देश

- कांवड़ यात्रा के दौरान माहौल बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ की जाए कार्रवाई

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



एसपी ओपी सिंह ने कोतवाली पटियाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, मालखाना, बैरक, मेस, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क सहित समस्त अभिलेखों का गहन परीक्षण किया गया। कांवड़ यात्रा को लेकर भी निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस कर्मियों को कावड़ यात्रा में आए श्रद्धालुओं के साथ शालीन और विनम्र व्यवहार करने, सम्मानजनक भाषा का प्रयोग करने, मेला और धार्मिक स्थलों पर भीड़भाड़ के दौरान भी अपना गुस्सा नियंत्रित रखने और धैर्य से काम लेना हेतु ब्रीफ किया गया ।

इसके उपरान्त, थाना कार्यालय पर कांवड़ की तैयारियों व अन्य महत्वपूर्ण निदेर्शों के सम्बन्ध में हल्का उपनिरीक्षकों व बीट पुलिस अधिकारियों से वार्ता की गई एवं शासन द्वारा कावड़ सम्बन्धी दिए गए निदेर्शों की समीक्षा की गयी। उनका अनुपालन कराने हेतु अधीनस्थों को निर्देशित किया गया। कांवड़ मार्ग में निरन्तर भ्रमणशील रहने, यातायात डायवर्जन को प्रभावी रूप से लागू करवाने, मिश्रित आबादी क्षेत्रों में भ्रमण करने तथा सम्भ्रान्त लोगों, ग्राम प्रधानों, चौकीदारों व कावड़ मित्रों एवं डीजे मालिकों के साथ गोष्ठी कर शासन के निदेर्शों के अनुपालन के सम्बन्ध में अवगत कराया गया तथा कांवड़ रुट पर निगरानी हेतु सीसीटीवी लगवाने एवं थाने पर लगे संचार उपकरणों को समय से दुरुस्त करने/कराने हेतु अवगत कराया गया। कांवड़ यात्रा के दौरान माहौल बिगाड़ने और सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाए जाने के लिए निर्देश दिए।

एसपी ने निर्देशित किया कि कावड़ मार्ग का भ्रमण कर कावड़ समितियों व अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर कावड़ यात्रा में आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु बताया गया । संदिग्ध मार्गों, संवेदनशील स्थान और ग्रामीण क्षेत्रों प्रभावी चैकिंग गश्त की जाये तथा अपराधियों पर सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जाये ।

# कस्तूरबा विद्यालय में फंदे पर झूलता मिला छात्रा का शव

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- कक्षा दस की थी छात्रा, अमापुर क्षेत्र की रहने वाली थी
- घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाएं, परिजन बेहाल

जिले के सिदपुरा के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्रा का शव फंदे पर झूलता मिला है। घटना से विद्यालय प्रशासन में हडकम्प मचा है, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना को लेकर तरह तरह की चर्चा है।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की कर्मचारी मानवी ने देखा कि कक्षा दस की छात्रा अनन्या का शव कमरे में फंखे पर फंदे पर झूल रहा है, उसके होश उड़ गये। उसने चीखते चिल्लाते घटना की जानकारी विद्यालय की वार्डन व अन्य शिक्षक को दी। आनन फानन में घटना की जानकारी विद्यालय प्रशासन ने थाना पुलिस और परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। जानकारी मिलने पे पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और शव को फंदे से उतरवा कर अंत्यपरीक्षण के लिए भेजा है। घटना को लेकर तरह तरह की चर्चा है।

प्रथम दृष्टिया मामला खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है, फिर भी पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी जांच करेगी।

-अमित कुमार, सीओ पटियाली

परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

पिता निर्दोष मिश्रा पुत्री की मौत से आहत हैं। उन्होंने किसी अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# निरीक्षण में मिली अनियमितताओं एवं अभद्र व्यवहार पर कठोर कार्यवाही की संस्तुति

## राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ ने सन्मति सेवाधाम डायग्नोस्टिक सेंटर प्रकरण में निष्पक्ष जांच को डीएम को लिखा पत्र

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ द्वारा विगत 22 जुलाई को महिला जनसुनवाई कार्यक्रम के पश्चात जनपद स्थित सन्मति सेवाधाम सी.टी. स्कैन, पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक सेंटर से संबंधित शिकायत एवं निरीक्षण के दौरान सामने आई अनियमितताओं पर निष्पक्ष जांच कर आवश्यक विधिक कार्यवाही किए जाने के संबंध में जिलाधिकारी एटा को पत्र प्रेषित किया है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि 22 जुलाई 2026 को आयोजित महिला जनसुनवाई के दौरान एक पीड़ित विधवा महिला ने शिकायत प्रस्तुत की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि भवन के प्रथम तल को किराये पर दिए जाने के बावजूद डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा कथित रूप से भवन के अन्य तल का भी उपयोग किया जा रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए राज्य महिला आयोग की सदस्य ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सा संस्थान के संचालन से संबंधित विभिन्न अनियमितताएं प्रकाश में आने की बात पत्र में कही गई है। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि चिकित्सक की अनुपस्थिति में सी.टी. स्कैन का संचालन तकनीशियन द्वारा किया जाना पाया गया, जो चिकित्सा मानकों एवं



मरीजों की सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर विषय है तथा इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

राज्य महिला आयोग की सदस्य ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि निरीक्षण के दौरान केंद्र संचालक एवं उनके परिजनों द्वारा आयोग की सदस्य तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कथित रूप से अभद्र एवं असहयोगपूर्ण व्यवहार किया गया, जिससे निरीक्षण कार्य प्रभावित हुआ। इसे अत्यंत आपत्तिजनक बताते हुए इस संबंध में भी नियमानुसार कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

राज्य महिला आयोग ने जिलाधिकारी से शिकायतकर्ता महिला की शिकायत की निष्पक्ष जांच, भवन के कथित अनधिकृत उपयोग की जांच, डायग्नोस्टिक सेंटर में निरीक्षण के दौरान मिली चिकित्सा संबंधी अनियमितताओं की विस्तृत जांच तथा आरोप सिद्ध होने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। साथ ही निरीक्षण के दौरान आयोग की सदस्य एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किए गए कथित अभद्र व्यवहार का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की भी अपेक्षा व्यक्त की गई है।

सदस्य राज्य महिला आयोग ने आशा व्यक्त की है कि महिला हित, जनहित एवं कानून की गरिमा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रकरण में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# आरसीबी ने ब्रांड वैल्यू के मामले में तोड़े सभी रिकॉर्ड, मुंबई-चेन्नई भी कभी नहीं कर पाई ऐसा

एजेंसी, नई दिल्ली।



दो बार की आईपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इंडियन प्रीमियर लीग की सबसे ज्यादा ब्रांड वैल्यू वाली फ्रेंचाइजी बन गई है। आरसीबी ने ब्रांड वैल्यू के मामले में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है। उसकी ब्रांड वैल्यू 31.2 करोड़ डॉलर (करीब 2,984 करोड़ रुपये) से अधिक पहुंच गई है। वहीं, आईपीएल की कुल बिजनेस एंटरप्राइज वैल्यू बढ़कर 20.6 अरब डॉलर (1.97 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंच गई है। यह जानकारी वैश्विक निवेश बैंक हौलिहान लोकी की 2026 ब्रांड वैल्यूएशन रिपोर्ट में दी गई है।

### आरसीबी ने रचा इतिहास

बेंगलुरु ने 2025 और 2026 में लगातार दो ट्रॉफी अपने नाम किया। इसी के साथ उन्होंने अब इतिहास रच दिया है। बेंगलुरु आईपीएल की पहली ऐसी टीम बनी है, जिसकी ब्रैंड वैल्यू 300 मिलिनय डॉलर या उससे अधिक पहुंची है। इससे पहले कोई भी टीम इस आंकड़े को नहीं छू सकी थी। आईपीएल की पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स भी ऐसा नहीं कर सकी थी। अब आरसीबी ने इस आंकड़े को हासिल कर इतिहास रच दिया है। अगर 2025 की बात करें, तो आरसीबी की ब्रैंड वैल्यू लगभग 270 मिलियन डॉलर (2573 करोड़ रुपए) थी। आईपीएल 2026 के बाद इसमें 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अब उनकी ब्रैंड वैल्यू 2984 करोड़ रुपए हो गई है।

### रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी का कमाल

आईपीएल 2024 तक आरसीबी के पास एक भी आईपीएल ट्रॉफी नहीं थी। हालांकि, उन्होंने 2025 में रजत पाटीदार की कप्तानी में पहली बार खिताब पर कब्जा जमाया। इसके बाद 2026 में भी उन्होंने ट्रॉफी अपने नाम कर ली। इसी के साथ वे चेन्नई और मुंबई के बाद तीसरी ऐसी टीम बन गए, जिन्होंने लगातार दो बार ट्रॉफी अपने नाम किया।

### मुंबई इंडियंस दूसरे स्थान पर मौजूद

आईपीएल की सबसे अधिक ब्रैंड वैल्यू की टीमों की लिस्ट में मुंबई इंडियंस दूसरे स्थान पर मौजूद है। पांच बार के विजेता की ब्रैंड वैल्यू 2525 करोड़ रुपए है। तीसरे नंबर पर आईपीएल की तीन बार विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम है। उनकी ब्रैंड वैल्यू 2343 करोड़ रुपए है। चेन्नई सुपर किंग्स लिस्ट में चौथे स्थान पर खिसक गई है, जो आईपीएल इतिहास की सबसे सफल फ्रेंचाइजी है। उनकी ब्रैंड वैल्यू 2334 करोड़ रुपए है।

# भारतीय मुक्केबाजों का राष्ट्रमंडल खेलों में दमदार प्रदर्शन, पांच खिलाड़ियों ने पक्के किए पदक

एजेंसी, ग्लास्गो।

भारतीय मुक्केबाजों का राष्ट्रमंडल खेलों में दमदार प्रदर्शन जारी है। भारत ने सातवें दिन मुक्केबाजी स्पर्धा में चार पदक पक्के कर लिए हैं। साक्षी और अरुंधति चौधरी के बाद पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच, नरेंदर तथा अंकुश ने भी अपने-अपने मुकाबले जीत लिए हैं और वे सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। इसके साथ ही इन्होंने पदक पक्के कर लिए हैं। आज अब तक पांचों भारतीय मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक पक्के किए हैं। इससे पहले, मंगलवार को भी तीन मुक्केबाजों ने पदक पक्के किए थे।

### साक्षी ने सर्वसम्मत फैसले से जीता बाउट

सातवें दिन मुक्केबाजी स्पर्धा में सबसे पहले साक्षी ने भारत की ओर से चुनौती पेश की। साक्षी ने महिला किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में उत्तरी आयरलैंड की कैटलिन फ्रायर्स को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया और पदक पक्का किया। अपने कद का पूरा इस्तेमाल करते हुए साक्षी ने फ्रायर्स को जवाबी हमलों का मौका ही नहीं दिया। आयरिश मुक्केबाज ने लगातार आक्रामक तेवर अपनाकर और धड़ाधड़ पंच मारकर साक्षी को परेशान करने की कोशिश की, लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने संयम बनाए रखा। उन्होंने ज्यादातर हमलों से बचते हुए बेहतर और असरदार संयोजन के साथ जवाबी हमला किया। फ्रायर्स के लगातार दबाव के बावजूद साक्षी ने शानदार फुटवर्क और रिंग स्किल का इस्तेमाल करते हुए दूरी को बखूबी नियंत्रित किया, शुरू से आखिर तक मुकाबले की रफ्तार अपने हिसाब से तय की और आसानी से जीत हासिल की।



### अंकुश की दमदार जीत

भारतीय मुक्केबाजों ने सातवें दिन अपना जलवा बरकरार रखा। अंकुश ने पुरुष 80 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में सेशेल्स के जैड मिकॉक को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही अंकुश ने भी मुक्केबाजी में अपने लिए पदक पक्का कर लिया है।

### नरेंदर का भी पदक पक्का

भारतीय मुक्केबाज नरेंदर ने भी पुरुष 90+ किग्रा वर्ग में पदक पक्का कर लिया है। नरेंदर ने क्वार्टर फाइनल में सामोआ के माइकल सेको को खंडित फैसले में 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### खंडित फैसले में जीतीं अरुंधति


भारत की एक अन्य मुक्केबाज अरुंधति चौधरी ने सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही पदक पक्का कर लिया। अरुंधति का महिला 70 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में न्यूजीलैंड की मोर्गन हेंडरसन से सामना हुआ। अंरुधति ने इस मैच में दमदार प्रदर्शन किया और 3-1 के खंडित फैसले में जीत दर्ज की।

### पुरुषों में सचिन सिवाच ने दिखाया दम


भारतीय मुक्केबाजों का दमदार प्रदर्शन जारी रहा। महिला मुक्केबाजों के बाद पुरुषों में सचिन सिवाच ने भी राष्ट्रमंडल खेलों में पदक पक्का कर लिया। सचिन सिवाच ने पुरुष 60 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में बोत्सवाना के ट्रेजर मोरेमी को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया और सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# शुभमन गिल ने डेरिल मिचेल से छीनी नंबर-1 की कुर्सी, विराट तीसरे पायदान पर

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार, 29 जुलाई को वनडे की ताजा रैंकिंग जारी की। भारत के वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने एक बार फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया है। गिल इससे पहले भी वनडे की रैंकिंग में पहले स्थान पर रहे थे लेकिन न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने उन्हें पीछे छोड़कर पहला पायदान हासिल कर लिया था। गिल ने अब दोबारा वनडे की रैंकिंग में अपनी बादशाहत कायम कर ली है और पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। उनके अलावा वनडे में रोहित शर्मा और विराट कोहली की जोड़ी भी अपना दबदबा बनाए हुए हैं। विराट ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में खेली गई वनडे सीरीज में दो अर्धशतक लगाया था, जबकि रोहित ने लॉर्ड्स में शतकीय पारी खेली थी। मिचेल अब 794 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। टॉप-5 की बात करें, तो यहां भारत का दबदबा देखने को मिलता है और 3 भारतीय बल्लेबाजों का नाम शामिल है। ताजा रैंकिंग में विराट कोहली तीसरे स्थान पर काबिज हैं।



## मनोरंजन



# निहारिका एनएम का खुलासा; इंटीमेट सीन के चक्कर में हाथ से गई फिल्म

कंटेंट क्रिएटर के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाली निहारिका एनएम ने साल 2023 में अमेरिकी सिटकॉम 'बिग माउथ सीजन 7' में गेस्ट वॉइस रोल के साथ अपने करियर को ग्लोबल लेवल पर पहुंचाया। उनके एक्टिंग सफर की शुरूआत पिछले साल तमिल फिल्म 'पेरुसु' से हुई थी। इसके बाद उन्होंने 'मित्रा मंडली' और 'इधयम मुरली' में भी काम किया। अब वे बॉलीवुड में डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं।

### इंटीमेट सीन को लेकर चौंकाने वाला खुलासा

निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से हिंदी फिल्मों में बोहनी कर रही हैं। वे राघव जुयाल के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। कॉमेडी फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में राघव जुयाल लीड रोल में हैं और निहारिका उनकी लव-इंटरेस्ट के रोल में हैं। फिल्म 30 जुलाई को रिलीज हो रही है। इस बीच अभिनेत्री ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि इंटीमेसी क्लॉज की वजह से उन्हें एक फिल्म से हाथ धोने पड़े थे। वे बोल्ड सीन करने के तैयार नहीं थीं। निहारिका का कहना है कि उनके लिए फिल्मी सफर आसान नहीं था। उन्हें कई बार रिजेक्शन झेलना पड़ा।



### हीरो की शर्त के चक्कर में छोड़नी पड़ी फिल्म

निहारिका के मुताबिक, 'मुझे रिजेक्ट किए जाने के कई कारण थे। अब सोचने पर यह सब बहुत मजेदार लगता है'। एक घटना को याद करते हुए वे बताती हैं, 'एक फिल्म मुझे करनी थी। इसे एक बहुत बड़े डायरेक्टर बना रहे थे। उन्होंने मुझे खुद चुना था। मैंने उस रोल के लिए ऑडिशन दिया था और लुक टेस्ट भी हो गया था'। निहारिका ने आगे कहा, 'मेरे घर पर कॉन्ट्रैक्ट भेजा गया था और मैंने उस पर साइन कर दिया। उसमें इंटीमेट सीन से जुड़ी एक शर्त थी और मैंने उन्हें बता दिया था कि मैं ऑन-स्क्रीन इंटीमेसी करने में सहज नहीं हूं। वे इसके लिए तैयार थे और बॉडी डबल का इस्तेमाल करने की योजना बना रहे थे। लेकिन एक्टर बॉडी डबल के साथ वह सीन करने के लिए तैयार नहीं थे। उनकी इसमें कोई दिलचस्पी नहीं थी। यह उनका फैसला था। फिर स्थिति ऐसी बन गई कि या तो यह करो या वह'। इसके बाद उन्होंने वह फिल्म छोड़नी पड़ी।

### मुंबई में शुरूआती सफर कैसा रहा?

निहारिका एनएम ने मायानगरी में अपने शुरूआती दिनों के बारे में बात की। फिल्मों में आने के बारे में न्यूज18 से बातचीत में उन्होंने बताया, 'जब मैं तीन-चार साल पहले मुंबई आई थी, तो मैंने एक प्रोडक्शन हाउस के साथ तीन साल तक ट्रेनिंग की थी। मैं फिल्म स्कूल गई थी और मेरा थिएटर का बैकग्राउंड भी है। वे आगे कहती हैं, 'मैं एक्टिंग में हाथ आजमाना चाहती थी। मुझे नहीं पता था कि यह कहां तक जाएगा या मैं असल में क्या करना चाहती हूं। बस इतना पता था कि मुझे इसमें मजा आता है और मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं'। हालांकि, बाद में उन्होंने बॉलीवुड में करियर बनाने का विचार छोड़ दिया और साउथ फिल्म इंडस्ट्री में ऑडिशन देने पर फोकस किया। इसके पीछे की वजह उन्होंने हिंदी सिनेमा में अवास्तविक ब्यूटी स्टैंडर्ड्स को बताया।

### इस बात का अब तक है अफसोस

निहारिका ने कहा, 'मैंने पहले हिंदी फिल्मों में कोशिश की थी, लेकिन मुझे महिलाओं के लिए तय किए गए मानक पसंद नहीं आए। जैसे कि उन्हें कैसा दिखना चाहिए या उनकी स्किन टोन कैसी होनी चाहिए'। निहारिका कहती हैं, 'मुझे लगा कि यह वह जगह नहीं है, जहां मुझे मुकाबला करना चाहिए। यह बहुत भीड़-भाड़ वाली जगह भी थी'। इसके बाद उन्होंने कार्तिक सुब्बाराज के प्रोडक्शन हाउस, 'स्टोन बेंच फिल्म्स' के साथ तीन फिल्मों का करार किया। निहारिका बताती हैं, 'लेकिन उनके साथ ट्रेनिंग के दौरान, मैंने साउथ की कुछ बहुत अच्छी फिल्मों के ऑफर ठुकरा दिए, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त कमाई की। मुझे तो यकीन ही नहीं हुआ। मैं कॉन्ट्रैक्ट से बंधी हुई थी। मुझे इसका बहुत अफसोस रहेगा, लेकिन जिन लोगों ने वे फिल्में कीं, उनके लिए मैं खुश हूं। फिर, एक बार जब कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया, तो मुझे कोई रोक नहीं पाया। फिर तो मैंने अलग-अलग भाषाओं की फिल्मों में जमकर काम किया'।

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड संग मालदीव में छुट्टियां मना रहीं निया शर्मा?

निया शर्मा मालदीव में छुट्टियां मना रही हैं। अभिनेत्री मायानगरी की भागदौड़ से दूर वहां सुकून भरे पल बिता रही हैं। इसकी झलक उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस के साथ साझा की हैं। उन्होंने अपनी कुछ स्टाइलिश फोटोज पोस्ट की हैं। मगर, तस्वीरें देखने के बाद यूजर्स उनसे सवाल कर रहे हैं।

### तस्वीरों में निया के साथ कौन है शख्स?

निया शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से मालदीव वेकेशंस की खूबसूरत तस्वीरें साझा की हैं। मगर, इन तस्वीरों के बाद उनकी निजी जिंदगी पर चर्चा शुरू हो गई है। फैंस को कुछ ऐसा दिखा, जिसके बाद निया से सवाल किए जा रहे हैं। दरअसल, साझा की गईं फोटोज में निया के साथ एक शख्स नजर आ रहा है।

### फैंस ने पूछा कौन है साथ?

तस्वीरों में निया समुद्र और प्राकृतिक हरे-भरे नजारों के बीच फोटोशूट कराती दिख रही हैं। उन्होंने वहां साइकिलिंग की। वहीं, कुछ फोटोज में उनके साथ एक शख्स नजर आ रहा है। इस पर लोगों की नजर ठहर गई हैं और निया से सवाल पूछा जा रहा है, 'आखिर साथ में यह लड़का कौन है'?

### निया के अफेयर को लेकर लगी अटकलें!

वहीं, कुछ नेटिजंस कयास लगा रहे हैं कि क्या ये निया शर्मा के रूमर्ड बॉयफ्रेंड सिकंदर सिंह हैं। अभिनेत्री उन्हीं के साथ मालदीव घूमने गई हैं? निया शर्मा की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। निया शर्मा और सिकंदर के लिंकअप की अफवाहों को लेकर यूं ही काफी कयास लगाए जा रहे थे, हालिया तस्वीरों ने इन अफवाहों को और हवा दे दी है।



### फैंस ने पूछा- 'डेटिंग रूमर्स सच थीं'?

पोस्ट के साथ निया शर्मा ने कैप्शन लिखा है, 'मालदीव में गोल्डन आवर का पीछा और पिंक बग्गी की सवारी। यहां बहुत अच्छी मेहमाननवाजी हुई। रेत पर मेरे खुश रहने के निशान छूटे हैं। वहीं, यूजर्स निया से मजेदार सवाल कर रहे हैं। एक यूजर ने पूछा, 'तो क्या आपने सॉफ्ट लॉन्च कर दिया'? वहीं, कुछ लिख रहे हैं, 'आपको इतना खुश देखकर हमें बहुत खुशी हो रही है'।

# 'सोमरस' डॉक्यूमेंट्री का लोकार्पण, पोस्टर भी रिलीज

## सगीत ऋषि सोम ठाकुर फाउंडेशन के कार्यक्रम में डॉ. कुमार विश्वास ने सुनाई दुनिया भर में हिंदी की ध्वज पताका फहराने वाले कालजयी कवि-गीतकार सोम ठाकुर की अनकही कहानी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

**साहित्यिक सिरमौर**

**आगरा।** करते हैं तन मन से वंदन, जन गण मन की अभिलाषा का। अभिनंदन अपनी संस्कृति का, आराधन अपनी भाषा का...

ग्वालियर के एक पुस्तक लोकार्पण समारोह में जब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने सोम जी के श्रीमुख से इस सुमधुर हिन्दी वंदना को सुना तो वह मंत्रमुग्ध हो गए। 05 दिन बाद सूरीनाम में विश्व हिंदी सम्मेलन होने वाला था। अटल जी ने कहा कि यह हिन्दी वंदना तो वहाँ होनी चाहिए। यह कहकर अटल जी ने अपनी गाड़ी से सोम जी को पासपोर्ट लेने आगरा भेज दिया। बाद में सूरीनाम के विश्व हिंदी सम्मेलन में पढ़ी गई इस हिंदी वंदना ने लाखों हिंदी भाषियों के हृदय पर स्थाई निवास कर लिया।

बहुत कम लोगों को पता होगा कि अमिताभ बच्चन भी सोम ठाकुर के गीतों के दीवाने थे। वह अपने पिता मशहूर कवि हरिवंश राय बच्चन के नहीं, सोम दा के गीत गुनगुनाते थे। जब भी वे अपने पिताजी के साथ दिल्ली लाल किला पर कवि सम्मेलन में आते थे तो सोम ठाकुर जी का अक्सर ऑटोग्राफ लेते थे...

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कालजयी कवि-गीतकार सोम ठाकुर की जीवन-यात्रा के ऐसे तमाम अनछुए पहलू और अनकहे किस्से हैं, जिन्हें अब सारी दुनिया जब चाहे तब, अपने मोबाइल पर ही देख सुन सकेगी। गौरतलब है कि 'सोम ठाकुर की अनकही कहानी: डॉ. कुमार विश्वास की जुबानी' टैगलाइन के साथ लेखक-निर्देशक फाल्गुनी त्रिपाठी द्वारा 'सोमरस' शीर्षक से लगभग 30 मिनट की एक डॉक्यूमेंट्री तैयार की गई है।

बुधवार-दोपहर 92 वर्षीय सोम दा के स्वास्थ्य-कारणों से उनके अहीर पाड़ा, राजा मंडी स्थित निवास पर एक सादा और संक्षिप्त समारोह में गीत ऋषि सोम ठाकुर फाउंडेशन द्वारा 'सोमरस' डॉक्यूमेंट्री का लोकार्पण किया गया। इस निमित्त समारोह- अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राजेंद्र मिलन और मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मधु भारद्वाज ने सोम दा के स्नेहिल सान्निध्य में पोस्टर रिलीज किया।



अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि सोम ठाकुर के अहीरपाड़ा स्थित निवास पर पोस्टर रिलीज कर उनकी कालजयी साहित्य-यात्रा पर आधारित डॉक्यूमेंट्री को लोकार्पित करते बाएँ से अमित श्रीदान सिंह, नीराजना, डॉ. राजेन्द्र मिलन, सोम ठाकुर, डॉ. मधु भारद्वाज, लख्मी चंद एवं कुमार ललित।

कार्यक्रम संयोजक, गीत ऋषि सोम ठाकुर फाउंडेशन के महासचिव अमित श्रीदान सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि श्रद्धेय पिताजी सोम ठाकुर जी के ऑफिशियल यट्यूब चैनल @hindipoet-somthakurofficial9759 पर इस डॉक्यूमेंट्री को देखा-सुना जा सकता है। इसकी हृदय स्पर्शी कमेंट्री कवि डॉ. कुमार विश्वास द्वारा की गई है।

उन्होंने बताया कि जाने-माने कवि डॉ. शिव ओम अंबर, डॉ. उर्मिलेश शंखधर, गजलगो दीक्षित दनकौरी, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राजेंद्र मिलन, अशोक अश्रु, लोकस की संपादक रजनी सिंह और सोम दा के ज्येष्ठ पुत्र जाने माने चिकित्सक डॉ. अजीत वरदान सिंह ने सोम दा के संबंध में अपने सारगर्भित विचार और प्रेरक संस्मरण साझा किए हैं। समारोह का समन्वय सोम ठाकुर की सुपुत्री नीराजना, दामाद लख्मी चंद तथा आनंद बंसल ने किया। उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा सम्मानित कवि कुमार ललित ने संचालन किया।

### सोम ठाकुर जी पद्मश्री सम्मान के हकदार: डॉ. राजेंद्र मिलन

लोकार्पित डॉक्यूमेंट्री के निर्माण में सहयोग करने वाले वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राजेंद्र मिलन ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सोम ठाकुर जी का हिंदी साहित्य के क्षेत्र में योगदान अमूल्य निधि की तरह है। उनके योगदान को देखते हुए उनको 'अटल सम्मान' और यश भारती जैसे अनेक प्रतिष्ठित सम्मान मिल चुके हैं। लेकिन सरकार को उन्हें शीघ्र ही पद्मश्री सम्मान प्रदान करना चाहिए। सोम जी पद्म पुरस्कार के सच्चे हकदार हैं।

### 'सोमरस' डॉक्यूमेंट्री से लाखों होंगे लाभान्वित और प्रेरित : डॉ. मधु भारद्वाज

समारोह की मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ मधु भारद्वाज ने कहा कि 'सोमरस' डॉक्यूमेंट्री से देश- दुनिया में बसे सोम दादा के लाखों प्रशंसक, कविता प्रेमी, गीत रसिक, ब्रजभाषा रसज्ञ, हिंदी अनुरागी, विद्यार्थी व शोधार्थी लाभान्वित और प्रेरित होंगे।

वर्तमान समय के सर्वाधिक लोकप्रिय कवि डॉ. कुमार विश्वास ने डॉक्युमेंट्री में हृदय स्पर्शी कमेंट्री करते हुए कहा कि सोम ठाकुर सुदर्शन हैं। ताजमहल की तरह, मीठे हैं पेठे की तरह और अगर आप उनके गीतों की शरारतें देखो तो उसमें आगरा की दालमोंठ का स्वाद भी आता है। आगरा में 'ताज' ही नहीं, सोम ठाकुर के रूप में कविता का 'सरताज' भी है।

> "आगरा में ताज ही नहीं, सोम दा के रूप में कविता का सरताज भी है... आगरा को अपना एक ब्रांड एंबेसडर चुनना हो तो सोम ठाकुर से बढ़कर कोई आदमी नहीं।"
>
> **- डॉ. कुमार विश्वास**

**नोट-** साहित्यिक सिरमौर कॉलम में हम उन व्यक्तित्वों की कहानी प्रकाशित करते हैं जिनके पास 10 सालों का सक्रिय राजनीतिक अनुभव है और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा है। अगर आप भी खुद को मानते हैं साहित्यिक सिरमौर, तो अपनी कहानी हमें हमारे व्हाट्सएप नबंर 9412359817 पर भेजें।